तिथि-बैशाख, कृष्ण, एकादशी

सोना - 98,855

शेयर मार्केट- 80,116

चांदी- 1,01,00

निफ्टी- 24,282

अधिकतम -40 °c
न्यूनतम -23 °c


लखनऊ से प्रकाशित एवं उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों से एक साथ प्रचारित

# चर्चित राजनीति

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

-: सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र :-

www.charchitrajnit.com | वर्ष - 21 अंक-150 आर.एन.आई. नं.- UPHIN/2004/14385 | लखनऊ, गुरुवार 24 अप्रैल, 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य : दो रुपये


# सिंधु जल समझौता स्थगित, 48 घंटे में भारत छोड़ें पाकिस्तानी नागरिक

## पहलगाम आतंकी हमले को लेकर प्रधानमन्त्री आवास पर सीसीएस की हुई बैठक

**चर्चित राजनीति। एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले मामले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आवास में सीसीएस की बैठक हुई। इस बैठक के बाद भारत सरकार ने पांच बड़े फैसले लिए। सरकार ने इस बैठक के बाद पांच बड़े फैसले लिए। 1960 की सिंधु जल संधि तत्काल प्रभाव से स्थगित रहेगी, जब तक कि पाकिस्तान विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को त्याग नहीं देता। एकीकृत चेक पोस्ट अटारी को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया जाएगा। जो लोग वैध अनुमोदन के साथ सीमा पार कर चुके हैं, वे 1 मई 2025 से पहले उस मार्ग से वापस आ सकते हैं।

पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क वीजा छूट योजना (एसवीईएस) के तहत भारत की यात्रा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पाकिस्तानी नागरिकों को अतीत में जारी किए गए किसी भी एसवीईएस वीजा को रद्द माना जाएगा। एसवीईएस वीजा के तहत वर्तमान में भारत में मौजूद किसी भी पाकिस्तानी नागरिक के पास भारत छोड़ने के लिए 48 घंटे हैं। नई दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा, सैन्य, नौसेना और वायु सलाहकारों को अवांछित व्यक्ति घोषित किया जाता है। उनके पास भारत छोड़ने के लिए एक सप्ताह का समय है। पाकिस्तान में मौजूद भारतीय उच्चायोग से अपने रक्षा, नौसेना, वायु



**• बैठक में लिये गये अहम फैसले**

सलाहकारों को भारत वापस बुलाएगा। संबंधित उच्चायोगों में ये पद निरस्त माने जाएंगे। सेवा सलाहकारों के पांच सहायक कर्मचारियों को भी दोनों उच्चायोगों से वापस बुलाया जाएगा। उच्चायोगों की कुल संख्या को वर्तमान 55 से घटाकर 30 किया जाएगा, जिसे 1 मई 2025 तक और कम किया जाएगा।

बता दें कि आतंकी हमले में दो विदेशी नागरिक सहित 26 लोगों की मौत हो गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी मौजूद थे। बैठक खत्म होने का बाद पीएम मोदी ने कहा कि आंतकवादी हमले के बाद अहम बैठक की। बता दें कि सीसीएस की बैठक करीब ढाई घंटे तक चली।

**नेपाल के प्रधानमंत्री ने पीएम मोदी से की बात :** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से बात की और पहलगाम आतंकवादी हमले में लोगों की मौत पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। नेपाली नागरिक की मौत पर उनकी हार्दिक संवेदना के लिए आभारी हूं। वहीं पहलगाम आतंकी हमले पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, यह घटना निंदनीय है। ये एक प्रकार से भारत को विभाजित करने का प्रयास था। ऐसे प्रयासों को हमें विफल करना चाहिए और ऐसे तत्वों को कुचल देना चाहिए। महाराष्ट्र के जिन 6 लोगों की (पहलगाम आतंकी हमले में) मृत्यु हुई है, प्रत्येक पीड़ित परिवार को 5 लाख रुपये देंगे।


जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले के मद्देनजर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का असम दौरा स्थगित कर दिया गया है। राष्ट्रपति मुर्मू को तय कार्यक्रम के अनुसार, गुरुवार की शाम को गुवाहाटी में आधिकारिक कार्यक्रमों में शामिल होना था। असम के राज्यपाल सचिवालय ने राष्ट्रपति का दौरा स्थगित होने की सूचना दी।

**कई आईबी अधिकारियों के घायल होने की खबरें गलत :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कुछ न्यूज चैनल्स और सोशल मीडिया पर ऐसी खबरें चल रही हैं कि पहलगाम हमले में कई आईबी अधिकारी घायल हुए हैं, वे भ्रामक खबरें हैं। इसे मासूम पर्यटकों की मौत को न्यायोचित ठहराने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। सिर्फ एक आईबी अधिकारी की हत्या हुई है और वे भी छुट्टी पर थे और अपने परिवार के साथ घूमने गए हुए थे। जम्मू-कश्मीर मुख्यमंत्री कार्यालय ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए मृतकों के परिवारों के लिए 10-10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों के लिए 2 लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों के लिए 1 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक बयान जारी कर कहा कि कल पहलगाम में हुए घृणित आतंकवादी हमले से गहरा सदमा लगा है और बहुत दुखी हूँ। निर्दोष नागरिकों के खिलाफ क्रूरता का यह बर्बर और मूर्खतापूर्ण कृत्य हमारे समाज में कोई स्थान नहीं रखता। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। हम खोए हुए अनमोल जीवन पर शोक व्यक्त करते हैं। कोई भी धनराशि प्रियजनों के नुकसान की भरपाई नहीं कर सकती है, लेकिन समर्थन और एकजुटता के प्रतीक के रूप में, जम्मू-कश्मीर सरकार ने मृतकों के परिवारों के लिए 10-10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों के लिए 2 लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों के लिए 1 लाख रुपये की अनुग्रह (शेष पृष्ठ 7 पर)

# योगी ने शुभम द्विवेदी के पिता से की बात, जाना हाल

**चर्चित राजनीति। ब्यूरो**



फाइल फोटो

**कानपुर/लखनऊ।** पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए कानपुर के कारोबारी शुभम द्विवेदी के पिता से सीएम योगी ने बातकर उन्हें सांत्वना दी। सीएम योगी आदित्यनाथ गुरुवार को मृतक शुभम द्विवेदी के आवास पर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात करेंगे।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में जनपद कानपुर के शुभम द्विवेदी की मौत हुई थी। सीएम योगी गुरुवार यानि आज 9.30 बजे कानपुर पहुंचेंगे। इसी बीच, कल का पीएम मोदी का कानपुर का कार्यकर्म रद्द हो गया है। कानपुर मेट्रो समेत अन्य विकास कार्यों का कार्यक्रम कानपुर में था। पीएम मोदी को सभा भी करनी थी। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने पीएम के कार्यक्रम के कैंसिल होने की पुष्टि की।

सीएम योगी ने शुभम के पिता संजय द्विवेदी का फोन पर हालचाल जाना और अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और कहा कि इस दुख की घड़ी में प्रदेश सरकार आपके साथ है। उन्होंने परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानपुर के जिलाधिकारी को भी फोन करके पीड़ित परिवार का हाल जाना और उसकी हर संभव मदद करने के

**पहलगाम आतंकी हमले में मारे गये कारोबारी शुभम द्विवेदी के परिजनों से आज मुख्यमन्त्री योगी करेंगे भेंट**

आदेश दिये। शुभम की शादी इसी साल 12 फरवरी को हुई थी और उनकी हत्या उनकी पत्नी आशान्या के सामने हुई। सीमेंट व्यवसाय से जुड़ी एक ट्रेडिंग कंपनी चलाने वाले शुभम 16 अप्रैल को अपनी पत्नी और परिवार के नौ अन्य सदस्यों के साथ जम्मू-कश्मीर में एक सप्ताह की छुट्टी मनाने गये थे। उनके माता-पिता, बहन, बहनोई और उनकी बहन के ससुराल के लोगों ने पहलगाम पहुंचने से पहले सोनमर्ग और गुलमर्ग का दौरा किया था। शुभम के चाचा मनोज द्विवेदी के अनुसार नवविवाहित जोड़े ने मंगलवार को दोपहर में पहलगाम में घुड़सवारी करने का फैसला किया, जबकि परिवार के बाकी लोग अपने होटल के पास ही रुके थे। उन्होंने बताया कि इसी दौरान दो-तीन आतंकवादी शुभम और उसकी पत्नी के पास पहुंचे। हमलावरों ने उनसे पहचान पूछने के बाद शुभम के सिर में गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। शुभम के पिता संजय द्विवेदी ने मनोज को फोन पर यह खबर दी।

द्विवेदी ने बताया कि परिजन शुभम का शव कानपुर वापस लाने के लिए दिल्ली रवाना हो चुके हैं। पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और इस मुश्किल घड़ी में उनकी मदद के लिए अधीनस्थों को जरूरी निर्देश दिए हैं। शुभम के चचेरे भाई सौरभ द्विवेदी ने मीडिया से बातचीत में दावा किया कि आतंकवादियों ने (शेष पृष्ठ 7 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### पहलगाम अटैक के आतंकवादियों के स्केच जारी

**लखनऊ, चसं।** जम्मू-कश्मीर के लोकप्रिय पर्यटन स्थल पहलगाम में मंगलवार दोपहर आतंकियों ने अंधाधुंध गोलीबारी कर दी, जिसमें 27 बेगुनाह लोगों की जान चली गई। 20 से ज्यादा लोग घायल हैं। आतंकी धार्मिक पहचान पूछ-पूछकर लोगों को निशाना बना रहे थे, जिससे वहां अफ़रा-तफ़री मच गई। इस दर्दनाक हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादियों के स्केच जारी कर दिए गए हैं। सुरक्षा और इंटेलीजेंस एजेंसियों ने ये स्केच जारी किए हैं। पहलगाम आतंकी हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादियों के नाम आसिफफौजी, सुलेमान शाह और अबु तल्हा बताए गए हैं। इंटेलिजेंस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इस हमले का मास्टरमाइंड लश्कर-ए तैयबा का डिप्टी चीफ सैफुल्लाह खालिद है। इस हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के विंग द रजिस्टेंस फ्रंट यानी टीआरएफने ली है। वहीं इन सब के बीच पाकिस्तान के डिफेंस मिनिस्टर ख्वाजा आसिफका कहना है कि इस हमले में पाकिस्तान का कोई हाथ नहीं है। बता दें कि हमला उस वक्त किया गया, जब बैसरन घाटी में बड़ी तादाद में पर्यटक मौजूद थे।

### पहलगाम हमले पर खुशी जताने वाला मोहम्मद नौशाद अरेस्ट

**बोकारो (झारखण्ड), एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के लोकप्रिय पर्यटन स्थल पहलगाम में बीते मंगलवार को हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है। इस बीच बोकारो के युवक ने इस हमले पर खुशी जताई है। वहीं, झारखंड पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक बोकारो का रहने वाला है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी युवक मुस्लिम बिरादरी से है। आरोपी का नाम मोहम्मद नौशाद है। आरोपी युवक ने पहलगाम आतंकी हमले पर खुशी जताई है। युवक ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर खुद को इस्लामिक वकील और झारखंड का बोकारो निवासी बताया है, उसने लिखा, 'शुक्रिया पाकिस्तान, शुक्रिया लश्कर-ए-तैयबा, अल्लाह तुम्हें हमेशा (शेष पृष्ठ 7 पर)

# आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा : शाह



**• गृहमन्त्री अमित शाह ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में पहलगाम के पास बैसरन घास के मैदानों का दौरा किया**

**चर्चित राजनीति। एजेंसी**

**श्रीनगर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के परिवारों और पूरे देश को बुधवार को आश्वासन दिया और कहा कि निर्दोष नागरिकों की हत्या के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को 'बख्शा' नहीं जाएगा। देश को झकझोर देने वाले आतंकवादी हमले के एक दिन बाद, श्री शाह ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में पहलगाम के पास बैसरन घास के मैदानों का दौरा किया, जहां 25 पर्यटकों और एक स्थानीय निवासी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा अधिकारियों ने उन्हें मौके पर चल रहे ऑपरेशन की परिस्थितियों और प्रगति के बारे में जानकारी दी। अमित शाह ने शोकाकुल परिजनों से भी मुलाकात की, जिनमें से कई दर्दनाक अनुभव साझा करते हुए रो पड़े। शाह ने 'एक्स' पर लिखा,÷पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में अपने प्रियजनों को खोने का दर्द हर भारतीय को है। इस दुख को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। मैं इन सभी परिवारों और पूरे देश को भरोसा दिलाता हूं कि निर्दोष लोगों की हत्या करने वाले इन आतंकवादियों को बिल्कुल भी नहीं बख्शा जाएगा।÷ बाद में, श्री शाह ने अनंतनाग में सरकारी मेडिकल कॉलेज का दौरा किया और घायल पर्यटकों से मुलाकात की और उनका समर्थन किया। इससे पहले दिन में शाह ने श्रीनगर में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और इस घटना को 'कायरतापूर्ण आतंकी हमला' बताया। उन्होंने लिखा,÷भारी मन से, पहलगाम आतंकवादी हमले के मृतकों को अंतिम श्रद्धांजलि देता हूं। भारत आतंकवाद के आगे नहीं झुकेगा। इस कायरतापूर्ण आतंकी हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।मंगलवार दोपहर को हुए हमले के कुछ घंटों बाद गृह मंत्री श्रीनगर पहुंचे और एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें अधिकारियों को अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने के प्रयास तेज करने के निर्देश दिए।इस बीच पहलगाम हत्याकांड के विरोध में कश्मीर घाटी में पूर्ण बंद रहा।

**आतंकवाद के आगे नहीं झुकेगा भारत :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को जम्मू व कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि भारत आतंकवाद के आगे कभी नहीं झुकेगा और इस हमले के दोषियों को कड़ी सजा दी जाएगी।


उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। हमले के शिकार हुए निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि देते हुए शाह ने (शेष पृष्ठ 7 पर)

### मासूमों की हत्या के विरोध में पूरा जम्मू और कश्मीर बंद

**श्रीनगर, चसं।** जम्मू कश्मीर में फैले पाक परस्त आतंकवाद के 35 साल के इतिहास में यह पहला मौका कहा जा सकता है जब पूरे प्रदेश में मासूमों की हत्याओं के खिलाफ रोष और गुस्सा दर्शाते हुए बंद और हड़ताल का आयोजन ही नहीं किया गया बल्कि प्रदेश के लगभग सभी खासकर कश्मीर से प्रकाशित होने वाले समाचार पत्रों ने अपने पहले पेज को काली सही से पोत कर गुस्से का इजहार किया हो। यह पूरी तरह से सच है कि कश्मीर बदल चुका है और अब मासूमों की हत्याओं के खिलाफ भावनाएं उबाल पर हैं। यह इससे से भी स्पष्ट होता थाा कि जम्मू कश्मीर से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी समाचार पत्रों ने आज पहली बार अपने पहले पन्ने को काली स्याही से प्रकाशित कर गम और गुस्से का इजहार किया है। गम और गुस्से का इजहार पूरा प्रदेश बंद का आयोजन करके भी कर रहा है। कश्मीर के उड़ी से लेकर लखनपुर तक सभी कस्बे और शहर आज पूरी तरह से बंद रहे हैं। जगह जगह विरोध प्रदशनों की झड़ी भी नजर आई है। लोगों ने कई स्थानों पर पाकिस्तानी झंडे फूंक कर अपने गुस्से का इजहार भी किया है। जम्मू कश्मीर में एकजुटता के साथ प्रदर्शन हुए और लोगों ने (शेष पृष्ठ 7 पर)

# राजनाथ ने तीनों सेनाओं के प्रमुखों से की चर्चा

**चर्चित राजनीति। एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकवादी हमले के बाद राजधानी दिल्ली और श्रीनगर में कई उच्च स्तरीय बैठकों में स्थिति की समीक्षा तथा उससे निपटने की रणनीति पर चर्चा की जा रही है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी कुछ देर पहले सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बुधवार को यहां महत्वपूर्ण बैठक की।सूत्रों के अनुसार दो घंटे से भी अधिक समय तक चली बैठक में जम्मू कश्मीर की स्थिति की समीक्षा और आतंकवादी हमले के बाद उत्पन्न स्थिति से निपटने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गयी। इससे पहले सऊदी अरब की यात्रा अधूरी छोड़ कर सुबह ही दिल्ली लौटे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को उच्च स्तरीय बैठक में पहलगाम हमले की विस्तार से जानकारी ली। बैठक में विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिश्री तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक में श्री मोदी को विदेश मंत्री और सुरक्षा सलाहकार ने मौजूदा स्थिति तथा हमले के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उधर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार से ही श्रीनगर में बैठकें कर स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने आज हमले में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि दी तथा उनके परिजनों से मुलाकात कर दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने आतंकवादी हमले की जगह का भी दौरा किया।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए श्री शाह के श्रीनगर से वापस लौटने के बाद शाम को सुरक्षा मामलों की मंत्रिमण्डलीय समिति की बैठक भी बुलाई गयी है। उधर, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का पहला बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि इसके पीछे जो भी हैं उन्हें जोरदार तरीके से जवाब दिया जाएगा। (शेष पृष्ठ 7 पर)

### पहलगाम हमले पर रॉबर्ट वाड्रा का शर्मनाक बयान

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** एक तरफ जहां जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले देश-विदेश में गहरा शोक और गुस्सा फैला दिया है वहीं कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति और कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा ने इस हमले पर एक विवादित बयान देकर नई बहस छेड़ दी है। इस हमले में 28 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जिनमें कई पर्यटक भी शामिल थे। न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत में रॉबर्ट वाड्रा ने कहारू पहलगाम की घटना दिल दहला देने वाली है। मेरी संवेदनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। लेकिन हमें यह भी सोचना होगा कि ऐसा क्यों हो रहा है। देश का माहौल ऐसा बन गया है कि अल्पसंख्यक खुद को असुरक्षित और डरा हुआ महसूस कर रहे हैं। माना जा रहा है कि हमला पाकिस्तान ने करवाया है। वाड्रा ने कहा, सरकार की नीतियों से हिंदू-मुस्लिम के बीच दूरी बढ़ी है। जब आतंकी किसी का मजहब पूछकर गोली चलाते हैं, तो इसके पीछे एक मानसिकता होती है कि मुसलमानों को दबाया जा रहा है। यह सोच हमारे देश की मौजूदा स्थिति से जुड़ी है। उन्होंने यह भी कहा कि यह घटना सिर्फ आतंकवाद नहीं, बल्कि हमारे समाज की वर्तमान स्थिति का आईना भी है। यह एक चेतावनी है कि हम सबको (शेष पृष्ठ 7 पर)

# पर्यटकों पर नृशंस आतंकी हमला निंदनीय : होसबाले

**चर्चित राजनीति। एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कड़ी निंदा की है।

उन्होंने इस हमले को नृशंस और अत्यंत दुखद बताते हुए कहा कि यह देश की एकता और अखंडता पर एक दुस्साहसिक हमला है। होसबाले ने इस घटना में मारे गए सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर उनका पोस्ट मौजूद है। इसमें उन्होंने घायलों के जल्द ठीक होने की कामना करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ नृशंस आतंकी हमला अत्यंत निंदनीय एवं दुखदायक है। हम घटना में मृत हुए सभी के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं। उन्होंने इस हमले को दुस्साहस करार देते हुए कहा कि यह हमला देश की एकता व अखंडता पर प्रहार करने (शेष पृष्ठ 7 पर)

## कश्मीर के टूरिज्म की बुकिंगें कैंसिल, पर्यटकों को आकर्षित करती हैं कश्मीर की वादियां

# आतंकी हमले के चलते जम्मू-कश्मीर पर्यटन को झटका

**चर्चित राजनीति। एजेंसी**

**श्रीनगर।** जम्मू पहलगाम के हमले ने कश्मीर के टूरिज्म की वाट लगा दी है। जहां पहले कश्मीर पहुंचने की दौड़ और होड़ थी अब किसी तरह से अपने तक सुरक्षित वापसी हो जाए उसकी दौड़ है। जो आने के इच्छुक थे वे अपने दौरे रद्द करवा रहे हैं।

चौंकाने वाली बात यह है कि जिन्हें अमरनाथ यात्रा में शिरकत करनी है उनमें से भी कई अपनी होटलों की बुकिंगें अभी से कैंसिल करवा रहे हैं। देश के सबसे व्यस्त पर्यटन स्थलों में से एक में छुट्टियों की योजना को टालने और होटल बुकिंग रद्द करने वाले यात्रियों की संख्या कल रात से ही





बढ़ने लगी है। सभी का कहना है किब पहलगाम में आतंकी हमला घाटी के पर्यटन क्षेत्र के दिल पर हमला है, जिसने 2018 से लगभग निरंतर वृद्धि दिखाई है और इसे जम्मू और कश्मीर में सामान्य स्थिति का सबसे महत्वपूर्ण संकेतक माना जाता रहा है। अधिकारियों और हितधारकों का कहना है कि आतंकवादियों ने कश्मीर में पर्यटन के चरम मौसम को चुना, जब घास के मैदान और मुगल उद्यान वसंत का आनंद लेने के लिए हजारों टूरिस्टों को आकर्षित करते हैं। यह एक ऐसे गंतव्य पर भी हुआ जो हर पर्यटक के यात्रा कार्यक्रम में होता है - दक्षिण कश्मीर में पहलगाम। पहलगाम कई कारणों से महत्वपूर्ण है - यह अमरनाथ गुफा के लिए दो मार्गों में से एक के रूप में कार्य करता है, जो हर साल लाखों तीर्थयात्रियों को आकर्षित करता है, और यह बैसरन या बसारन देवदार के जंगल का घर है, जो एक लोकप्रिय ट्रैकिंग मार्ग है। पर्यटन उद्योग के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि इस हमले का इस क्षेत्र पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा, जो धीरे-धीरे आतंकी हमलों की लंबी छाया से बाहर निकल रहा था। कश्मीर के ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रऊफ तरांबू कहते थे कि यह हमला एक बड़ा झटका है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में शांतिपूर्ण स्थिति के कारण इस क्षेत्र में वृद्धि देखी गई, लेकिन अब हमें पहले से ही व्यवसायों और उपभोक्ता भागीदारों से रद्दीकरण के बारे में पूछताछ मिल रही है। हमले के तुरंत बाद, ट्रैवल एजेंटों को कश्मीर की आगामी यात्रा योजनाओं के लिए रद्दीकरण अनुरोध मिलने लगे।

एक होटल मालिक का कहना था कि हाल ही में पहलगाम हमले के कारण, मुझे अगले 4-5 महीनों के लिए सभी आगामी बुकिंग रद्द करनी पड़ी, और इससे काफी नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि कई पर्यटकों ने अपनी सुरक्षा के डर से अपनी होटल बुकिंग रद्द कर दी है।एक अन्य रिसार्ट मालिक कहते थे कि हमले ने क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं, जिससे पर्यटन और (शेष पृष्ठ 7 पर)



**जन्म लेने वाले के लिए मृत्यु उसी प्रकार निश्चित है, जितना कि मरने वाले के लिए जन्म लेना। इसलिए इस विषय पर शोक मनाना व्यर्थ है, जो इंसान किसी की कमी को पूरी करता है वो सही अर्थों में महान होता है : गीता**

# संपादकीय

## बिजली का खेल

सही मायनों में हमें हर किसी मुफ्त चीज की बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। यही सिद्धांत किसी देश व राज्य की अर्थव्यवस्था पर भी लागू होता है। लोकलुभावन राजनीति के चलते वोट जुटाने के लिये जिन मुफ्त की योजनाओं को पंजाब में लागू किया गया, उसने राज्य की तरक्की की गति को कुंद ही बना दिया है। वैसे भी देखा जाए तो किसानों को लुभाने के लिये पंजाब में जो मुफ्त बिजली का खेल खेला गया था, वह कृषि के विकास में सहायक साबित नहीं हो रहा है। सही मायनों में यह लोकलुभावन दांव जड़ता का प्रतीक बनकर रह गया है। वर्ष 1997 में छोटे किसानों के लिये लिए शुरू किया गया बिजली सब्सिडी खेल, महज वोट बटोरने का साधन बनकर रह गया है। सच बात तो यह है कि कोई भी राजनीतिक दल ऐसी मुफ्त की सुविधाओं को, वोट कटने की आशंका के चलते बंद करने का जोखिम भी नहीं उठाता। यह विडंबना ही है कि जिस धन को कृषि की तरक्की, ऊर्जा के बेहतर उपयोग तथा सार्वजनिक जवाबदेही से जुड़े संरचनात्मक विकास के लिये खर्च किया जाना चाहिए था, उसे सब्सिडी के रूप में व्यय किया जा रहा है। चिंता की बात यह है कि यह सब्सिडी राज्य की वित्तीय सेहत के लिये घातक साबित हो रही है। विडंबना यह है कि इस वित्तीय वर्ष में बिजली सब्सिडी पर होने वाला व्यय करीब साढ़े बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक होने वाला है। चिंता की बात यह भी है कि यह धनराशि पंजाब के पूरे बजट का दस फीसदी के करीब बैठती है। इस सब्सिडी की राशि में से दस हजार करोड़ रुपये कृषि क्षेत्र के लिये और सात हजार छह सौ करोड़ रुपये घरेलू उपयोगकर्ताओं के लिये निर्धारित हैं। आश्चर्य की बात यह है कि लोगों को लुभाने के लिये दी जा रही सब्सिडी की यह राशि अब राज्य के राजस्व घाटे के बराबर हो गई है। इसके बावजूद यह स्थिति यदि राज्य के नीति-नियंताओं को विचलित नहीं करती है, तो इसे दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा। विडंबना यह है कि राज्य में मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का काम सभी राजनीतिक दलों की सरकारों ने पार्टी लाइन से हटकर हर दौर में किया। घाटे की अर्थव्यवस्था को आश्रय देने वाली इस नीति को न केवल जारी रखा, बल्कि इसे प्रोत्साहित भी किया । वे मुखर कृषि लॉबी के दबाव में लगातार झुकते रहे। राजनेता दूरगामी व समग्र सुधार के बजाय मुफ्त में पैसे बांटकर चुनावी लाभ हासिल करने की होड़ में जुटे रहे। वहीं आप सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं के लिये तीन सौ यूनिट तक की बिजली मुफ्त करने से सब्सिडी का संकट और गहरा ही हुआ है। करीब नब्बे प्रतिशत तक परिवारों का बिजली बिल शून्य है। ऐसे में बिजली बचत या उपयोग की गई बिजली का भुगतान करने को प्रोत्साहन लगभग समाप्त हो गया है। अब तो पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड यानी पीएसपीसीएल कर्मचारियों के रिक्त पदों को भरने की स्थिति में भी नहीं है। इतना ही नहीं पीएसपीसीएल दो हजार करोड़ रुपये की वार्षिक बिजली चोरी की चुनौती से भी जूझ रहा है। सरकार द्वारा दिए गए करीब चार हजार करोड़ रुपये के बेलआउट के बावजूद पीएसपीसीएल भारी घाटे में चल रहा है। राज्य के विकास में सहायक संस्थानों को मजबूत करने या स्थायी सिंचाई योजनाओं में निवेश के करने के बजाय, राज्य सरकारें वोटों के लालच में मुफ्त की रेवाड़ियां बांटने का उपक्रम करती रही हैं, जिसका खर्चा वहन करना उनके बूते की बात नहीं है। यह एक निर्विवाद सत्य है कि मुफ्त का चंदन बांटने का यह उपक्रम जितने लंबे समय तक चलेगा, उतने ही समय तक पंजाब की अर्थव्यवस्था में प्राणवायु का संचार करना, नये निवेश को आकर्षित करना तथा नये नौकरियों का सृजन करना और ज्यादा कठिन होता चला जाएगा। इसमें दो राय नहीं कि राज्य नेतृत्व को रियायतें देने के बजाय राज्य में विकास के बुनियादी ढांचे के निर्माण की ओर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। पंजाब को तय करना होगा कि वह बिजली पर सब्सिडी जारी रखेगा या अपने भविष्य को सशक्त बनाने को प्राथमिकता देगा।

# 'मंदारिन' के चलते मिल रही हाई लेवल नौकरियां

**चीन की करीब 150 से अधिक कंपनियां भारत में कारोबार कर रही हैं। ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, बिजली और उपभोक्ता वस्तुओं के क्षेत्र में दोनों देशों का कारोबार आसमान छू रहा है। कई चीनी कंपनियां मशीनरी, बुनियादी ढांचे के निर्माण, आईटी और हार्डवेयर विनिर्माण, मोबाइल हैंडसेट, इलेक्ट्रॉनिक और बिजली क्षेत्र में ईपीसी परियोजनाओं में शामिल हैं। इसके साथ ही चीनी मोबाइल हैंडसेट कंपनियां ओप्पो, वीवो, श्याओमी, वन प्लस आदि भारतीय मोबाइल हैंडसेट बाजार के लगभग सत्तर फीसद हिस्से पर काबिज हैं। इस वजह से भी चीनी भाषा की भारत में पूछ बढ़ रही है और वह जरूरत भी बनती जा रही है।**

बीते बीस अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र में चीनी भाषा दिवस मनाया गया। यूनेस्को के अनुसार दुनिया में सबसे ज्यादा लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा चीनी या मंदारिन ही है। इसे चीन के अलावा ताइवान, सिंगापुर, मलयेशिया, थाइलैंड, ब्रुनई, इंडोनेशिया और फिलीपिंस में भी इसका व्यवहार हो रहा है। मंदारिन को लेकर भाषा विज्ञानियों में मान्यता है कि यह कठिन भाषा है। हालांकि चीनी भाषाविदों ने इसे पिछली सदी के सत्तर के दशक से ही सहज बनाने की दिशा में बड़ा काम किया है। इसलिए यह पहले की तुलना में अब कहीं ज्यादा सहज हो गई है। इसलिए दुनियाभर में इसे सहज रूप से इसे स्वीकार भी किया जाने लगा है। जहां तक भारत का सवाल है तो चीन के साथ सीमाओं पर जारी तनातनी के चलते चीनी भाषा की पढ़ाई और जानकारी के लिए भारत में भी क्रेज बढ़ रहा है। गलवान में भारत-चीनी सैनिकों के संघर्ष के बाद चीनी सीमा पर तैनात सैनिकों को चीनी भाषा की जानकारी और शिक्षा देने की कोशिशें हो रही हैं। बेशक भारत का सबसे नजदीकी पड़ोसी चीन है, लेकिन उसकी भाषा और हमारी भाषाओं के बीच संबंधों की कोई सहज कडी नजर नहीं आती। इसलिए इस भाषा को सीखना थोड़ा कठिन होता है। चीन की भाषा को मंदारिन कहते हैं और मंदारिन का शाब्दिक अर्थ ही होता है, कठिन। इसलिए इस भाषा को सीखने के लिए विशेष प्रयास की जरूरत पड़ती है।

मंदारिन में 21 व्यंजन और 16 स्वर होते हैं। इन ध्वनियों को मिलाकर लगभग 420 अलग-अलग शब्दांश बनाए जा सकते हैं। जहां तक मंदारिन में स्वरों की बात है तो इसमें चार स्वर होते हैं। ये चार स्वर - पहला स्वर, दूसरा स्वर, तीसरा स्वर, और चौथा स्वर कहे जाते हैं। ये स्वर एक शब्दांश के उच्चारण में बदलाव करते हैं और अर्थ को बदल देते हैं। इसके अलावा, एक तटस्थ स्वर भी होता है, जिसे मंदारिन के भाषा विज्ञानी पाँचवाँ स्वर भी मानते हैं। चीनी भाषा में, अक्षर को हांजी कहा जाता है। ये अक्षर, अंग्रेजी वर्णमाला या हिंदी वर्णमाला के अक्षरों की तरह नहीं हैं। प्रत्येक अक्षर एक शब्द या अर्थ के लिए एक प्रतीक है। चीनी भाषा में हज़ारों अक्षर हैं, लेकिन दैनिक उपयोग में छह हजार से लेकर आठ हजार अक्षरों का प्रयोग होता है। इतने स्वरों को याद रखना आसान नहीं है, इसीलिए मंदारिन को कठिन भाषा कहा जाता है। भारत में कई संस्थान चीनी भाषा के डिप्लोमा पाठ्यक्रम चला रहे हैं, लेकिन यहां के कई विश्वविद्यालयों मसलन दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय, कुमार मंगलम विश्वविद्यालय, गुरूग्राम, पंजाब विश्वविद्यालय, विश्वभारती, जामिया मिलिया इस्लामिया, सिक्किम विश्वविद्यालय के साथ ही देहरादून के दून विश्वविद्यालय समेत कई विश्वविद्यालयों में चीनी भाषा की पढ़ाई होती है। लेकिन अब इसे चीनी सीमा से सटे राज्य उत्तराखंड के स्कूलों में भी पढ़ाया जाने लगा है। इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है। जिसके तहत उत्तराखंड राज्य के पंद्रह सरकारी स्कूलों के 11 वीं और बारहवीं कक्षा के करीब ढाई सौ बच्चों को चीनी भाषा पढ़ाई जा रही है। इस पहल का मकसद स्कूली छात्रों को मंदारिन भाषा से लैस करना है। इसकी बड़ी वजह यह है कि वैश्विक बाजार में चीन की हिस्सेदारी बढ़ती चली गई है। इतना ही नहीं, चीन आज विश्व की नंबर दो आर्थिक महाशक्ति हो चुका है। इस वजह से चीनी संस्कृति और भाषा के साथ ही आर्थिकी की ओर दुनिया हाथ बढ़ा रही है। इसके लिए चीनी भाषा के कुशल लोगों की वैश्वक स्तर पर जरूरत बढ़ रही है। चीन की कंपनियों और बाजार से संपर्क अंग्रेजी के जरिए भले ही हो जाए,लेकिन वहां की असल जरूरत और समस्या को उसी की भाषा में ही समझा और जाना जा सकता है। इसीलिए चीनी भाषा को लेकर दुनिया भर में उत्सुकता बढ़ी है। उत्तराखंड भी इसी वजह से अपने छात्रों को चीनी भाषा सिखा रहा है। उत्तराखंड राज्य के पीएमश्री विद्यालयों में जारी इस परियोजना की नींव पौड़ी गढ़वाल के डीएम आशीष चौहान ने 2023 में रखी थी। बच्चों को मंदारिन पढ़ाने का विचार साल 2021 में तत्कालीन भारतीय सेनाओं के चीफ ऑफ स्टॉफ जनरल बिपिन रावत और दून विश्वविद्यालय की कुलपति सुरेखा डंगवाल के बीच चर्चा के बाद आया था। दून विश्वविद्यालय के चीनी अध्ययन विभाग के अध्यक्ष शैंकी चंद्रा के अनुसार, अभी यह परियोजना ऑनलाइन चलाई जा रही है, क्योंकि विश्वविद्यालय के पास अभी फिजिकल क्लास के लिए जरूरी संसाधनों की कमी है। परियोजना के संचालकों के अनुसार, 'मंदारिन सीखने से वैश्विक स्तर पर नौकरी की संभावनाएं बढ़ेंगी। इसकी वजह यह है कि चीन अब भी



भारत के सबसे बड़े व्यापार भागीदारों में एक है। बारहवीं पास कर चुके तीन छात्रों को मंदारिन की वजह से ही पिछले साल भारत के कुछ पड़ोसी देशों में ऊंचे वेतन पर नौकरियां मिल चुकीं हैं। वैसे भारतीय विदेश मंत्रालय के साथ ही चीनी बाजार और कंपनियों के साथ काम करने वाली भारतीय कंपनियों में भी चीनी भाषा जानने वालों की मांग बढ़ी है। चीनी पर्यटकों के साथ काम करने वाले भारतीय होटलों और पर्यटन उद्योग को भी चीनी दुभाषियों की जरूरत बढ़ रही है। लिहाजा इन क्षेत्रों में भी चीनी भाषा के जानकारों की मांग बढ़ी है। एक कहावत है कि आप सबकुछ बदल सकते हैं, पड़ोसी नहीं। चीन भारत का सबसे नजदीकी पड़ोसी है। लिहाजा इस वजह से भी जरूरी है कि चीन की भाषा सीखी जाए। यह सोच भारतीय समाज में भी बढ़ रही है। भारत और चीन कई अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से एक-दूसरे के सहयोगी है। भारत-चीन आर्थिक और वाणिज्यिक व्यापारिक संबंध कई प्लेटफार्मों के जरिए बन रहे हैं। आर्थिक संबंध, विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर संयुक्त समूह, सामरिक आर्थिक वार्ता, चीन का विकास अनुसंधान केंद्र, भारत-चीन वित्तीय वार्ता और अन्य संस्थागत तंत्रों के जरिए भारत और चीन के बीच संवाद और कारोबारी-बौद्धिक रिश्ते हैं। इसके साथ ही दोनों देश अंतरराष्ट्रीय संगठन ब्रिक्स के सक्रिय साझेदार हैं। इतना ही नहीं, चीन की करीब 150 से अधिक कंपनियां भारत में कारोबार कर रही हैं। ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, बिजली और उपभोक्ता वस्तुओं के क्षेत्र में दोनों देशों का कारोबार आसमान छू रहा है। कई चीनी कंपनियां मशीनरी, बुनियादी ढांचे के निर्माण, आईटी और हार्डवेयर विनिर्माण, मोबाइल हैंडसेट, इलेक्ट्रॉनिक और बिजली क्षेत्र में ईपीसी परियोजनाओं में शामिल हैं। **:: एजेंसी**

# बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले महत्वपूर्ण राजनीतिक मंथन

इस साल के अंत में बिहार में होने वाले चुनाव काफी अप्रत्याशित हैं। अभी तक, भाजपा, राजद, कांग्रेस या जद (यू) के लिए कोई आसान रास्ता नहीं है। बिहार की राजनीति में मंथन चुपचाप हो रहा है। सत्ता की गत्यात्मकता में संभावित बदलाव हो सकता है। पिछले दो दशकों से जनता दल (यूनाइटेड) के बाद दूसरे स्थान पर रहने वाली भाजपा प्रमुख भूमिका निभाने की उम्मीद कर रही है। राजद सरकार का मुखिया बनना चाहता है। दो महत्वपूर्ण शक्ति समूह लड़ाई में हैं। एक तरफएनडीए और दूसरी तरफ महागठबंधन, जिसमें राजद, कांग्रेस और वामपंथी दल शामिल हैं। पार्टी के भीतर और भीतरी गतिशीलता पूरे जोश में है। एनडीए और महागठबंधन एक बड़े राजनीतिक मुकाबले के लिए सोची-समझी चाल चल रहे हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के बाद, लगातार उन राज्यों में जीत से उत्साहित भाजपा ने अब बिहार पर नजरें गड़ा दी हैं। बिहार की जातिगत राजनीति दिलचस्प है।

पिछड़े वर्ग की आबादी 63.13प्रतिशत है, जबकि सवर्ण जातियां केवल 15.52प्रतिशत हैं। पिछड़े वर्ग की श्रेणी में अन्य पिछड़ा वर्ग 27.12 है, जबकि अत्यंत पिछड़ा वर्ग की आबादी 36प्रतिशत है। दलितों की संख्या लगभग 19.65 है और यादवों की संख्या 14.26प्रतिशत है। नीतीश कुमार की कुर्मी जाति, कुर्मी, जिसे ओबीसी के रूप में भी वर्गीकृत किया गया है, की आबादी 2.87प्रतिशत है। पिछले विधानसभा चुनावों में, लगभग 15प्रतिशत आबादी वाली उच्च जातियों ने कई पार्टियों में टिकट वितरण पर अपना दबदबा बनाया था। भाजपा ने अपने 47.3प्रतिशत टिकट उच्च जाति के उम्मीदवारों को दिये थे, जबकि कांग्रेस ने अपनी 40प्रतिशत सीटें उच्च जातियों को दी थीं। 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में, महागठबंधन 243 सदस्यीय विधानसभा में साधारण बहुमत हासिल नहीं कर सका, केवल 12 सीटों से चूक गया। राजद सदन में सबसे बड़ी पार्टी थी, लेकिन सरकार नहीं बना सकी। 2025 के चुनावों के लिए, जेडी(यू) ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाने की पुष्टि की है। जाने-माने चुनाव विशेषज्ञ प्रशांत किशोर ने भविष्यवाणी की थी कि नीतीश कुमार अपना राजनीतिक करियर खत्म कर देंगे। राजद ने अपने नेता तेजस्वी यादव को चुना है। कांग्रेस ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। इस महीने से शुरू हुई कांग्रेस और राजद के बीच बैठकों का सिलसिला जारी है। जनता दल (यूनाइटेड) पार्टी और भाजपा गठबंधन वर्तमान में बिहार पर शासन कर रहे हैं। नीतीश कुमार की बिगड़ती सेहत, जातिगत संतुलन और गठबंधन के कामकाज ने बिहार को एनडीए के लिए राजनीतिक रूप से अप्रत्याशित बना दिया है। अगर भाजपा नीतीश को चुनती भी है, तो उनके स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे चुनाव परिणाम को काफी प्रभावित कर

**ग्रेस ने बिहार में युवा नेतृत्व विकसित नहीं किया है। इसका पुराना कोर ग्रुप मुस्लिम और दलितों के वोट बैंक दूसरे दलों में चले गये हैं। पार्टी ने हाशिए पर पड़े समुदायों पर नजर रखने के लिए संविधान नेतृत्व कार्यक्रम शुरू किया है। मुख्य दलों को अपने समूहों के भीतर और बाहर दोनों जगह चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, और एक महत्वपूर्ण राजनीतिक बदलाव की उम्मीद है। ध्यान देने वाली बात यह है कि नीतीश कुमार का ईबीसी बरकरार है और आरजेडी-कांग्रेस गठबंधन को चुनौती दे रहा है।**

सकते हैं। जेडीयू भाजपा के साथ ज्यादा सीटों के लिए मोलभाव करना चाहती है। 2020 में जेडी(यू)ने 115 सीटों पर चुनाव लड़ा,लेकिन सिर्फ 43 सीटें ही जीत पायी थी। इसके विपरीत, भाजपा ने 110 सीटों पर चुनाव लड़ा और 74 सीटें जीतीं। राजद, कांग्रेस और कुछ छोटी पार्टियों से मिलकर बना महागठबंधन कड़ा चुनौती दे रहा है। गठबंधन पर चर्चा के लिए पिछले हफ्ते दिल्ली में राजद और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की बैठक हुई थी। 2020 के बाद से राजनीतिक पुनर्संयोजन-वीआईपी का महागठबंधन में शामिल होना, एलजेपी का एनडीए के साथ गठबंधन और राष्ट्रीय लोक समता पार्टी का जेडी(यू) में विलय-चुनावी तस्वीर को जटिल बनाते हैं। 2020 के बाद से एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम एनडीए के भीतर सत्ता समीकरण में बदलाव रहा है, जिसमें भाजपा मजबूत होकर उभरी है। भाजपा ने रणनीतिक रूप से गैर-प्रमुख अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और गैर-प्रमुख दलित समुदायों को अपने पक्ष में किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिनों के लिए बिहार गये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही बिहार का दौरा करेंगे। राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने एक चौंकाने वाली घोषणा करते हुए कहा कि वह अपने समाजवादी सहयोगी नीतीश कुमार के साथ सुलह करने के लिए तैयार हैं। इस बयान के जवाब में नीतीश ने कहा कि उन्होंने अनजाने में राजद के साथ गठबंधन कर लिया था। हालांकि, तेजस्वी यादव ने जोर देकर कहा कि महागठबंधन में नीतीश के लिए कोई जगह नहीं है। कई लोगों का मानना है कि अपने यू-टर्न के लिए मशहूर नीतीश पाला बदल सकते हैं। भारत के विपक्षी इंडिया ब्लॉक ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को आगामी बिहार विधानसभा चुनावों के लिए अपनी समन्वय समिति का प्रमुख नियुक्त किया है। यह निर्णय 17 अप्रैल को पटना में छह गठबंधन सहयोगियों की बैठक के दौरान लिया गया। महागठबंधन में कांग्रेस और वामपंथी दलों को चिंता है कि राजद सीट बंटवारे के समझौते को अंतिम रूप देने के लिए आखिरी समय तक इंतजार करेगा। कांग्रेस पार्टी 2020 में उन्हें दी गयी कमजोर सीटों से नाखुश है। उसने पिछले चुनाव में जिन 70 सीटों पर चुनाव लड़ा था, उनमें से उन्हें केवल 19 सीटें ही मिलीं। सीपीआई (एमएल), जिसने 2020 में अच्छा प्रदर्शन किया था, सीटों का बड़ा हिस्सा चाहती है। 2005 के बाद से, आरजेडी को 2015 और 2022 में छोटी अवधि को छोड़कर, सत्ता हासिल करने में कठिनाई हो रही है। फिलहाल, तेजस्वी यादव के सामने दो मुख्य कार्य हैं। सबसे पहले, उन्हें मुसलमानों और यादवों के अपने मूल समूहों से परे अन्य जातियों को शामिल करने के लिए समर्थन का विस्तार करने की आवश्यकता है। इसके लिए एक मजबूत जमीनी स्तर का अभियान शामिल है, क्योंकि पारंपरिक मतदान के रुझान बदल रहे हैं। कांग्रेस ने बिहार में युवा नेतृत्व विकसित नहीं किया है। इसका पुराना कोर ग्रुप मुस्लिम और दलितों के वोट बैंक दूसरे दलों में चले गये हैं। पार्टी ने हाशिए पर पड़े समुदायों पर नजर रखने के लिए संविधान नेतृत्व कार्यक्रम शुरू किया है। मुख्य दलों को अपने समूहों के भीतर और बाहर दोनों जगह चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, और एक महत्वपूर्ण राजनीतिक बदलाव की उम्मीद है। **:: एजेंसी**

# छात्रों में तनाव कैसे रोकें

माता-पिता अपने अधूरे सपने बच्चों से पूर्ण करवाना चाहते हैं। समाज में बाकी सबके बच्चों से ज्यादा होशियार अपना बच्चा होना चाहिए, ऐसी जिद्द करते हैं और ऐसा करने के पीछे बेहिसाब खर्च करते हैं, लेकिन अपने बच्चे की क्षमता और उसकी रुचि की तरफ ध्यान ही नहीं देते। सख्ती पहले भी होती थी, लेकिन वह व्यवहार को नियंत्रित करने का प्रयास रहता था। शिक्षा के लिए सख्ती कम रहती थी।



इनसान बेहतर हो, व्यवहार बेहतर हो, मूल्यों के लिए सख्ती अपनी सीमाएं लांघ जाती थी। यह शारीरिक दंड के रूप में प्रचलित थी। अपशब्दों के प्रयोग के रूप में भी अपनाई गई थी। तनाव का एक निश्चित स्तर सामान्य है। स्कूल बदलने और नए दोस्तों से मिलने जैसी घटनाओं से सकारात्मक तनाव प्रतिक्रियाएं वास्तव में छात्रों को सीखने और बढने में मदद कर सकती हैं। लेकिन जब भावनाओं को प्रबंधित करने के उपकरणों के बिना बार-बार तनावपूर्ण घटनाओं का सामना करना पड़ता है, तो तनाव भावनात्मक और शारीरिक रूप से विषाक्त हो सकता है। यह मार्गदर्शिका प्राथमिक विद्यालय से लेकर कॉलेज तक के छात्रों में तनाव के लक्षणों की व्याख्या करती है। एक विद्यार्थी का जीवन तनावपूर्ण हो सकता है। होमवर्क, सामाजिक जीवन, माता-पिता का दबाव, विश्वविद्यालय के आवेदन और कभी न खत्म होने वाले कार्यभार जैसे कारक तनाव उत्पन्न करते हैं। हालांकि शोध से पता चलता है कि मध्यम मात्रा में तनाव फायदेमंद हो सकता है और छात्रों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरक के रूप में कार्य कर सकता है, लेकिन बहुत अधिक तनाव उनके समग्र कल्याण को प्रभावित कर सकता है। स्कूलों में रोजमर्रा के तनाव को प्रबंधित करने के लिए छह युक्तियां हैं।

**एक, अपनी मानसिकता बदलें :** आपको जो काम करने की जरूरत है, उस पर नकारात्मक दृष्टिकोण रखने के बजाय, उन्हें सीखने और सुधार करने के अवसर के रूप में मानें। हां, कुछ कार्य उबाऊ या बोझिल हो सकते हैं और हम आपसे आपके सामने आने वाले तनाव को कम करने के लिए नहीं कह रहे हैं। यह कठिन परिस्थितियों के बारे में आपकी धारणा को बदलने और उन सभी चीजों पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय सकारात्मकता पर ध्यान केंद्रित करने के बारे में है, जो गलत हो सकती हैं। दो, व्यायाम =व्यायाम तनाव के स्तर को कम करने का एक प्रभावी तरीका है। शारीरिक गतिविधि एंडोर्फिन-न्यूरोट्रांसमीटर पैदा करती है जो शरीर में दर्द और तनाव से राहत दिलाती है। शोध से पता चलता है कि व्यायाम तनाव के नकारात्मक प्रभावों जैसे एकाग्रता और थकान का प्रतिकार कर सकता है। तीन, टालना बंद करें = अपने तनाव के स्तर को कम करने के लिए, आपको काम को टालना बंद करना होगा। 50 फीसदी छात्र समस्याग्रस्त विलंब व्यवहार में संलग्न होने की रिपोर्ट करते हैं जो उनके शैक्षणिक प्रदर्शन को बाधित करते हैं। कार्यों को उनकी समय सीमा से पहले पूरा करके, आप अपने सामने आने वाली तनावपूर्ण स्थितियों को नियंत्रित और सीमित कर सकते हैं। चार, नींद की दिनचर्या विकसित करें =नींद और मूड साथ-साथ चलते हैं। इसलिए जब हम थके हुए होते हैं, तो हम अपने परिवेश को अधिक नकारात्मक रूप से देख सकते हैं।

जो छात्र नियमित रूप से बेहतर नींद की गुणवत्ता की रिपोर्ट करते हैं, उनका शैक्षणिक प्रदर्शन बेहतर पाया गया है। सोने का एक नियमित समय निर्धारित करें। पांच, संवाद करें =यदि आप तनाव महसूस कर रहे हैं, तो अपनों से बात करें। छह, समय प्रबंधन =छात्रों को समय का बेहतर प्रबंधन भी सीखना होगा।

# भारतीयता की जड़ है सनातन धर्म

**सनातन एक धर्म के रूप में आज भी इस आधुनिक दुनिया में परंपरा और वर्तमान संस्कृति के आत्मसात के साथ चल रहा है। इसने आधुनिक विज्ञान, प्रौद्योगिकी, घटना, वैश्वीकरण और यहां तक कि उदार लोकतंत्र को भी अपनाया है। योग और ध्यान एक आध्यात्मिक विज्ञान के रूप में सनातन धर्म से लिया गया है।**

सनातन धर्म एक स्थायी पद्धति है जो सिर्फ एक धर्म होने से कहीं ज्यादा है क्योंकि इसमें एक 'जीवन पद्धति' शामिल है और इसका संयोजन है जो विभिन्न प्रकार की दृष्टिकोण प्रणालियों और रीति-रिवाजों को शामिल कर सकता है, जिसमें दर्शन भी शामिल है। यह लोगों को अस्तित्व, मानव जीवन के अर्थ और स्वतंत्रता के मार्ग का वर्णन करने के लिए एक और सार्वभौमिक दृष्टिकोण प्रदान करता है। अपने पवित्र ग्रंथ, प्रार्थनाओं या सनातन धर्म के दार्शनिक सिद्धांतों के माध्यम से यह आज भी लाखों लोगों को एक योग्य, शांतिपूर्ण और हमेशा संतुष्ट जीवन की ओर प्रेरित और निर्देशित करता है। शब्द के मान्यता प्राप्त पारंपरिक अर्थ में, सनातन धर्म या हिंदू धर्म, जैसा कि इसे आज अक्सर कहा जाता है, सिर्फ एक धर्म से कहीं ज्यादा है। इसके बजाय, यह एक मार्ग या यहां तक कि एक जीवन शैली के बहुत करीब है जहां सिद्धांतों का एक समूह विश्वासियों के जीवन के हर क्षेत्र में उनके विकल्पों को निर्देशित करता है। पिछले कुछ समय से देखा जा रहा है कि देश के कुछ लोग जो कि भारतीय संस्कृति में सनातन धर्म के योगदान को लेकर भ्रम फैला रहे हैं, आइए इस संशय को दूर करने के लिए प्रयास करें। हिंदू धर्म को सनातन धर्म या कभी-कभी सनातन जीवन पद्धति के नाम से भी जाना जाता है, जो हिंदू धर्म को दिया गया मूल नाम है। लेकिन यह केवल एक धर्म नहीं है, यह एक दर्शन है जो सदियों से अछूता रहा है और जिसने लाखों लोगों को प्रभावित किया है। सनातन धर्म शब्द संस्कृत से लिया गया है जिसका अर्थ है 'सनातन' जो शाश्वत/अनंत है और 'धर्म' जो कर्त्तव्य, कानून या धार्मिकता है। कुल मिलाकर, वे एक सत्य को प्रस्तुत करते हैं जिसे वे शाश्वत सत्य कहते हैं और जो समय और स्थान से परे है, जो ब्रह्मांड के अस्तित्व का आधार बनता है। सभी धर्मों में सबसे पुराना होने के कारण, सनातन धर्म की जड़ें किसी व्यक्ति पर नहीं टिकी हैं, बल्कि इसका इतिहास वैदिक शास्त्रों में खोजा जा सकता है।

सनातन धर्म एक ऐसा धर्म है जिसकी जड़ें भारत की वैदिक परंपरा में 1500 ईसा पूर्व से हैं। वेद पवित्र ग्रंथ हैं। ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद और अथर्ववेद जैसे ग्रंथ मौजूद थे और उन्होंने धर्म की आध्यात्मिक और दार्शनिक अवधारणा को आधार प्रदान करने में दृढ़ता से योगदान दिया। वैदिक काल में जप, भजन पढ़ना और विभिन्न देवताओं को बलि चढ़ाने जैसी गतिविधियों पर अधिक ध्यान केंद्रित किया गया था। 600-400 ईसा पूर्व में उपनिषदों ने कर्मकांडीय अभ्यास से ध्यान हटाकर अटकलों की ओर ध्यान केंद्रित किया। यहां जो प्रमुख अवधारणाएं बनीं, वे हैं ब्रह्म और आत्माय उपनिषदों का उद्देश्य दुनिया की प्रकृति और आत्म-साक्षात्कार को स्पष्ट करना था। चिंतनशील चिंताओं में बदलाव आया और चिंताओं पर अत्यधिक जोर दिया जाने लगा और आध्यात्मिक चिंतन की शुरुआत हुई। भारतीय महाकाव्य, महाभारत और रामायण, 400 ईसा पूर्व और 200 ईस्वी के दौरान लिखे गए थे। ये महाकाव्य, खास तौर पर महाभारत में शामिल भगवद गीता, सनातन धर्म का मूल बन गए। उन्होंने अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन में धर्म, कर्म और भक्ति पर सरल सलाह भी दी। महाकाव्यों में मानव के कर्त्तव्यों, अपने सम्मान और ईश्वर के प्रति समर्पण जैसे सामान्य वैदिक विश्वासों को दर्शाया गया है। सनातन धर्म ने 200 से 1200 ईस्वी के बीच के समय में विभिन्न दर्शनों की स्थापना की, जिनमें अद्वैत वेदांत, सांख्य, योग जैसे गुरु शामिल हैं। इस समयावधि में हिंदू पुराणों का जन्म भी हुआ, जिन्होंने सनातन धर्म के पौराणिक-भक्ति भाव को और आगे बढ़ाया। मंदिर धार्मिक संस्थानों के साथ-साथ कला और संस्कृति के विकास के स्थान बन गए और भक्ति संतों के शामिल होने से एक विशेष देवता के प्रति भक्ति के आधार पर भक्ति संस्थान विकसित हुए। सनातन धर्म को मुस्लिम आक्रमण और भारत में मुस्लिम शासन के चरम के दौरान कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ा, जो मध्यकालीन युग में हुआ था। हालांकि, यह बढ़ता रहा, विकसित होता रहा और अपने दैनिक व्यवहार में अन्य सांस्कृतिक कारकों को शामिल करता रहा और आज भी मजबूत है। कबीर, मीराबाई और तुलसीदास जैसे भक्ति संत इस अवधि के दौरान आए और जाति या धर्म से परे प्रेम का संदेश फैलाया। उपमहाद्वीप में अंग्रेजों के आगमन के साथ ही राजा राम मोहन राय और स्वामी विवेकानंद जैसे मुक्ति आंदोलन हुए। इस अवधि में सनातन धर्म के पुनर्निर्माण के लिए हिंदू जागरण और आधुनिक अवतार की स्थापना भी देखी गई। **:: चर्चित डेस्क**

# आज का राशिफल

**मेष:-** कोई छोटी बात भी परिवार के तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगी। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुर बनेंगे।

**वृषभ:-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व बुद्धिजीवियों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें। नये व्यावसायिक यात्राएं करनी होंगी।

**मिथुन:-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छवि बनावें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनचर्या के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्क:-** भविष्य के प्रति मन में चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का ठीक डंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन में असन्तुष्टि उत्पन्न होगी। आलस्य का त्याग करें।

**सिंह:-** पारिवारिक दायित्वों की चिंता उत्पन्न होगी। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति ध्यान देवें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:-** छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन सगे-संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाएं याद आएंगी।

**तुला:-** वक्त के साथ समझौता कर चलने की चेष्ठा करें। अपने कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझे और अपने को उसी दिशा की ओर केंद्रित करें। रोजगार में अपनी क्षमता का पूर्ण लाभ उठाएंगे।

**वृश्चिक:-** जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंधी से विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होने के आसार हैं।

**धनु:-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकर:-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। घर में खुशहाल स्थिति प्रसन्न रखेगी।

**कुम्भ:-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीन:-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।



राशि रत्न

## भीषण अग्निकांड में चार घर स्वाहा, हुआ लाखों का नुकसान



**हरदोई, चसं।** कछौना क्षेत्र स्थित फतेहपुर गांव मजरा गाजू में बुधवार दोपहर एक भीषण अग्निकांड की घटना सामने आई। गुरुबक्स के घर से शुरू हुई आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। तेज हवाओं के कारण आग ने पड़ोस के चार अन्य मकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया। लखन लाल, बालक राम, राम कुमार और चंद्र किशोर के घरों तक आग पहुंच गई। इन सभी घरों में रखा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित परिवारों ने बताया कि खेत से गेहूं लाया गया था, जो आग की भेंट चढ़ गया। पूरे साल की मेहनत बर्बाद हो गई। प्रारंभिक आकलन के अनुसार इस अग्निकांड में लगभग 2 लाख रुपए की क्षति हुई है। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद जल जीवन मिशन की पानी टंकी की पाइपलाइन का उपयोग कर आग पर काबू पाया। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल और राजस्व विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे।

# पहलगाम नरसंहार पर लोगों का फूटा गुस्सा

## वरिष्ठ भाजपा नेत्री कीर्ति सिंह ने फूंका पाकिस्तान का पुतला

चर्चित राजनीति। संवाददाता



**हरदोई।** पहलगाम नरसंहार के विरोध में श्रीमती कीर्ति सिंह वरिष्ठ भाजपा नेत्री सहित सुशील अवस्थी छोटे महाराज अध्यक्ष सहकारी क्रय विक्रय समिति, विवेक सिंह गौ सेवा संस्थान तथा बाल विद्या भवन पब्लिक स्कूल के शिक्षकों एवं समाजसेवी संगठनो के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया।

अनंतनाग जिले के पहलगाम से 6 किमी दूर स्थित पर्यटन स्थल बैसरन घाटी में आतंकवादियों ने इसी बीच, दोपहर 2.45 बजे करीब छह आतंकी पहुंचे और अलग-अलग जगहों पर अटैक कर दिया।आतंकियों ने वहां मौजूद 45 पर्यटकों के समूह पर गोलियां बरसाई। आतंकवादियों ने कायरता पूर्वक निहथ्थे हिन्दुओं को मौत के घाट उतार दिया, इस घृणित कार्य की निंदा करते हुए अस्पताल चौराहे पर जनबल के साथ आक्रोश प्रदर्शन किया गया। उक्त प्रकरण की घोर निंदा करते हुए श्रीमती कीर्ति सिंह ने अस्पताल चौराहे पर सैकड़ों लोगों के साथ मिलकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का पुतला फूंक कर आक्रोश जताया। साथ ही उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से अपील की है कि अब समय आ गया है कि सठे साठ्यम समाचरेत की नीति का पालन करते हुए ऐसे दुर्दान्तकारियों को फाँसी के फंदे पर लटका कर पाकिस्तान को करारा जबाब देना चाहिए,जिससे पुनः ऐसी घटनाओं की पुनरावृति करने का कोई दुस्साहस न कर सके।

# स्कूल चलो अभियान के तहत विकासखण्ड सांडी में भव्य रैली का हुआ आयोजन



चर्चित राजनीति। संवाददाता

हरदोई। विकासखंड सांडी में दिनांक तेइस अप्रैल दिन बुधवार को 'स्कूल चलो अभियान' के तहत एक भव्य रैली का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विकासखंड क्षेत्र में अधिक से अधिक बच्चों का शत प्रतिशत विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित कराना एवं जनमानस में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना था। रैली को खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली का शुभारम्भ विकास खंड सांडी स्थित कनक उपवन से हुआ और यह विभिन्न ग्रामों एवं मुख्य मार्गो से होती हुई कार्यालय पर आकर संपन्न हुई।

रैली में विकासखंड के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों, छात्र व छात्राओं, अभिभावकों, ग्राम प्रधानों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्कूली बच्चों द्वारा रंग व बिरंगे परिधानों में हाथों में तख्तियां व बैनर लेकर हर बच्चा स्कूल जाए, कोई न छूटे पढ़ाई से, पढ़ेगा इंडिया, तभी तो बढ़ेगा इंडिया जैसे जोशीले नारों के साथ आमजन को शिक्षा का महत्व समझाया गया। रैली के शुभारम्भ अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान सिर्फ एक रैली नहीं, बल्कि एक संकल्प है ङ्क हर बच्चे को शिक्षित करने का। शिक्षा समाज का आधार होती है और यह हमारा कर्तव्य है कि हर बच्चे को स्कूल तक पहुँचाया जाए। अभिभावकों से आह्वान किया कि वे इस अभियान को जन आंदोलन का रूप दें और शिक्षा के क्षेत्र में सांडी को एक आदर्श विकासखंड बनाएं। इस अवसर पर समस्त संकुल प्रभारी, ग्राम प्रधानगण, प्रधानाध्यापकगण, अभिभावक समिति के सदस्यगण तथा अन्य विभागीय अधिकारीगण भी मौजूद रहे। सभी ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि विकासखंड सांडी में किसी भी उम्र के बच्चे को शिक्षा से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। रैली के समापन पर खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि इस अभियान को केवल नामांकन तक सीमित न रखते हुए बच्चों की निरंतर उपस्थिति व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भी सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर अभय यादव, अजीत शुक्ल, पुष्पेंद्र शुक्ल,राजेश शर्मा, रवि सिंह, ललित त्रिपाठी, अनुज कुमार, विकास शर्मा, धीरेंद्र सिंह,सुनील कुमार, राखी श्रीवास्तव, शाहीन अख्तर, नीलम देवी, शुभा वर्मा आदि रहीं।

## पुलिस ने चोरी की बाइक सहित चोर को किया गिरफ्तार



चर्चित राजनीति। संवाददाता

**हरदोई।** जिले के लोनार कोतवाली क्षेत्र मे बाईक चोरी का मामला सामने आया है पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

आपको बताते चलें, कमालपुर निवासी रामनरेश ने पुलिस में शिकार दर्ज कराई थी, उन्होंने बताया कि वह हुसैनपुर शहर गांव के पास शारदा नहर के किनारे लघुशंका के लिए रुके थे, इसी दौरान की कोई बाइक चोरी कर फरार हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी बाईक का पता नहीं चला, लोनार कोतवाल उमेश त्रिपाठी, चौकी इंचार्ज बावन राजीव कुमार,सब स्पेक्टर सुप्रिया यादव के नेतृत्व में पुलिस ने मामले की जांच शुरू की, टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज की मदद से पुलिस ने सदिग्ध की पहचान की। पुलिस ने बेहटागोकुल थाना क्षेत्र के अंटा विगवा निवासी नीरज सिंह को गिरफ्तार किया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी की बाइक बरामद कर ली गई है पुलिस अन्य वारदातों को लेकर आरोपी से पूछताछ कर रही है। गिरफ्तारी मे सतेंद्र सिंह यादव, ओपी विन्द,और आकाश गिरि शामिल रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई शासी निकाय की बैठक





चर्चित राजनीति। संवाददाता

**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के शासी निकाय की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि संस्थागत प्रसव की संख्या बढ़ाने के लिए गंभीरता से प्रयास किये जाएं। लापरवाह व संदिग्ध निष्ठा वाली आशाओं की जवाबदेही तय कर कार्रवाई की जाये। अच्छा कार्य करने वाली आशाओं को प्रोत्साहित किया जाये। 100 शैय्या अस्पताल में प्रसव की संख्या बढ़ाई जाये।

जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को होने वाले भुगतान में अनावश्यक विलम्ब न किया जाये। आभा आईडी बनाने के कार्य में तेजी लायी जाये। नियमित टीकाकरण की प्रगति बढ़ाई जाये। लोगों को टीकाकरण के सम्बन्ध में जागरूक किया जाये। डिप्थीरिया के मामलों में कमी लाने के लिए विशेष प्रयास किये जाएं। पिछले तीन वर्षो के आकड़ों का विश्लेषण किया जाये। आयुष विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में विद्युत संयोजन सुनिश्चित किया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोहतास कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**वंदन योजना में नगर निकाय तैयार करें प्रस्ताव :** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कलेक्ट्रेट कक्ष में वंदन योजना के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नगर निकायों से वंदन योजना के सम्बन्ध में प्रस्ताव प्राप्त किये जाएं। प्रस्ताव तैयार करने से पूर्व स्थानीय जन प्रतिनिधियों से विचार विमर्श किया जाये। प्रस्ताव तैयार करने में शासनादेश में दिए गए निर्देशों का पालन पूरी तरह सुनिश्चित किया जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्री कृष्ण जन्म सेवा दल ने आयोजित किया 102 वाँ हनुमान मंगल पाठ

चर्चित राजनीति। संवाददाता





- मंगलपाठ से पूर्व पहलगाम में शहीद हुए हिंदू भाइयों के लिए रखा गया दो मिनट का मौन

**हरदोई।** श्री हरि के प्रिय भक्त प्रहलाद की जन्म व कर्म पावन भूमि हरदोई में मंगल पाठ के अवसर अपने निरंतर एक सौ दो वे मंगलपाठ के क्रम में श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने भक्त प्रहलाद नगरी हरदोई के कई मंदिरो में एक साथ धार्मिक आयोजन कर माहौल को भक्ति मय कर दिया। आज श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने श्री बैजनाथ धाम, श्री शिव श्याम परिवार मंदिर कांशीराम कालोनी, श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज, श्री हनुमान मंदिर कमालगंज, श्री महादेव मंदिर ग्राम काईमाऊ, श्री महावीर मंदिर गंज जलालाबाद मल्लावां में हनुमान चालीसा, अष्टक व् आरती कर माहौल को भक्ति पूर्ण बना दिया।

महिला प्रकोष्ठ जिला प्रमुख विनीता पांडे के नेतृत्व में श्री बैजनाथ धाम सरायथोक में बहनों ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा, सुंदर कांड व् आरती के साथ हनुमान जी के भजनो का गुणगान किया। इस अवसर पर जिला महिला प्रभारी विनीता पांडेय ने कहा कि पहलगाम में हिंदू परिवारों पर हमला पूरे हिंदुस्तान के हिंदुओं को चुनौती है अब भी वक्त है हमे सोई हुई अलसाई नींद से जागना होगा।इस अवसर पर शहीद हुए हिंदू भाइयो की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इस मौके पर महिला संगठन की संयोजक अनीता मिश्रा, पुष्पा मिश्रा, बॉबी ओमर, अलका गुप्ता, अमृता सिंह, नीलम गुप्ता, बीना त्रिपाठी, रंजना मिश्रा, अर्चना दुबे, सोनिका गुप्ता, शशि गुप्ता, रामवती देवी, सोनू गुप्ता मिंटू गुप्ता, अमृता सिंह, संगीता गुप्ता, सुमन गुप्ता, अनुराधा गुप्ता, चन्दा पांडेय, आर्या गुप्ता, मोनिका गुप्ता, विद्या पांडेय, आरती गुप्ता, राधा गुप्ता, आरती मिश्रा, रानी शुक्ला आदि बहनों समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कांशीराम कालोनी में श्री शिव श्याम मंदिर में युवा प्रभारी संध्या श्रीवास्तव के नेतृत्व में काफ़ी संख्या में लोगो ने मंगल पाठ में भाग किया। महिला प्रभारी मंजू गुप्ता के नेतृत्व में श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवे गंज में गायक पंकज गुप्ता एव वेद प्रकाश गुप्ता राजू ने सभी को हनुमान चालीसा, हनुमान अष्टक का पाठ करवाया।मंदिर पंडित रवि मिश्रा ने पूजा अर्चन कराया। इस अवसर पर भजन गायक वेद प्रकाश गुप्ता राजू ने एक से ब?कर एक भजन राम भी आना हनुमत भी आना, हनुमत संग पधारो श्री राम हमारे कीर्तन में, पक? लो हाथ बनवारी नहीं तो डूब जायेगे, दीननाथ मेरी बात, जब जब संकट कोई गहरा होता है आदि भजन सुना लोगो को झूमने पर मजबूर कर दिया इस मौके पर विजय अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, बहादुर बेटियाँ फाउंडेशन की जिला अध्यक्ष रेशमा गुप्ता, नीलम जिंदल, अंशिका अग्रवाल, मुस्कान अग्रवाल, अवध राज, अक्षत गुप्ता, सचिन शुक्ला, आदित्य सिंह, मोहित शुक्ल, संदीप श्रीवास्तव, गौरव गुप्ता, शोभित गुप्ता, आस्था श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। ग्राम काईमाऊ में युवा प्रभारी सुमित तिवारी के नेतृत्व में मंगल पाठ हुआ।मल्लावां में आकाश गुप्ता व् वंश कटियार के नेतृत्व में काफी संख्या में मौजूद लोगो ने सामूहिक मंगल पाठ किया।

## सड़क हादसों में बाइक सवारों को मौत

**शाहाबाद/ हरदोई, चसं।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ककरघटा के निकट अलग अलग हुए सड़क हादसों में दो बाइक सवारों की मृत्यु हो गई।परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने वाहन चालकों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।प्राप्त विवरण में बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सारीपुर ब्रह्मा नान निवासी हरदयाल पुत्र चंदन के अनुसार उसका 25 वर्षीय पुत्र रोशन 16 अप्रैल को अपनी बाइक संख्या यूपी 30 बीएम 9624 से साथी विवेक पुत्र रामसेवक के साथ हरदोई वापस आ रहा था।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ककरघटा के निकट अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।उसके घायल पुत्र को एंबुलेंस से सीएचसी शाहाबाद भेजा गया।जहां से डाक्टरों ने उसके पुत्र को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।इलाज के दौरान उसके पुत्र की मृत्यु हो गई।शहर कोतवाली पुलिस ने अस्पताल की सूचना पर उसके पुत्र का पोस्टमार्टम करवाया।दूसरी घटना में मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम भुड़वा उलनापुर निवासी सुखलाल पुत्र राम लड़ैते के अनुसार उसके पिता 20 अप्रैल को बाइक संख्या यूपी 30 बीवाई 6909 द्वारा हरदोई से वापस गांव लौट रहे थे।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ककरघटा के निकट ऑल्टो कार संख्या यूपी 32 केजे 5317 के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए उनकी बाइक में टक्कर मार दी।जिससे उसके पिता घायल हो गए, उसके पिता को एंबुलेंस से सीएचसी शाहाबाद ले जाया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## छात्रा ने जहर खाकर समाप्त की अपनी जीवन लीला

**हरदोई, चसं।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र में एक इंटर की 18 वर्षीय छात्रा ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। मृतका के पिता ने गांव के ही युवक अंकित उर्फ रामसूरत पर रेप का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि 21 अप्रैल की रात करीब 11:30 बजे आरोपी उनके घर आया था। इस दौरान मृतका की बड़ी बहन ने दोनों को आपत्तिजनक हालत में एक साथ देखा। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। अगले दिन 22 अप्रैल को इस घटना से व्यथित होकर लड़की ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसे शाहाबाद के सरकारी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।हरपालपुर की सीओ शिल्पा कुमारी के अनुसार, मृतका और आरोपी के बीच पिछले कुछ समय से फोन पर बातचीत हो रही थी। मृतका के पिता ने बताया कि इस बात की शिकायत उन्होंने कई बार आरोपी के परिवार से की थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बाइक हटाने की कहा सुनी पर दबंगों ने की फायरिंग

**हरदोई, चसं।** सांडी कस्बे में मंगलवार शाम को बाइक हटाने के विवाद में एक सर्राफा व्यापारी पर फायरिंग की गई। व्यापारी ऐश्वर्य गुप्ता अपनी दुकान बंद कर फोर व्हीलर से घर जा रहे थे। मुंशीगंज मोहल्ले में रास्ते पर पार्थ गुप्ता की बाइक खड़ी थी। ऐश्वर्य ने कई बार हॉर्न बजाया, लेकिन पार्थ ने बाइक नहीं हटाई। इस बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि पार्थ गुप्ता, सर्तक गुप्ता और राहुल गुप्ता ने फायरिंग शुरू कर दी। गोली फोर व्हीलर के पिछले शीशे में लगी, जिससे शीशा टूट गया। सर्राफा व्यापारी बाल-बाल बच गए।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा कारतूस बरामद किया। आरोपी मौके से फरार हो गए। थाना प्रभारी कौशल किशोर यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## सगे भाई ने भाई पर किया लोहे की रॉड से किया वार

**हरदोई, चसं।** सांडी थाना क्षेत्र के नयागांव में एक युवक पर दो सगे भाइयों ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। घटना सोमवार शाम की है। पीड़ित आकाश पुत्र राधाकृष्ण बाइक से घर लौट रहा था। गांव के सत्यवीर और सुखबीर (शेर सिंह के पुत्र) ने पुरानी रंजिश के चलते उसे रास्ते में रोक लिया। दोनों ने गाली-गलौज की और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इस हमले में आकाश घायल हो गया। पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपी भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। मंगलवार को घायल आकाश का डॉक्टरी परीक्षण कराया गया। डॉक्टर ने जांच के बाद आकाश को एक्स-रे के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी कौशल किशोर यादव ने पुष्टि की कि दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच जारी है।

## गर्भवती महिला को मारपीट कर घायल करने वाले आरोपियों पर रिपोर्ट

शाहाबाद/हरदोई।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नरहाई में एक गर्भवती महिला के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।पीड़िता पप्पी पत्नी सतेंद्र पाल के अनुसार वह 21 अप्रैल की शाम को 6 बजे अपने दरवाजे पर लगे सरकारी हैंडपंप से बाल्टी भर रही थी।तभी गांव निवासी विपक्षी अलखराम पुत्र परशुराम अपने पुत्र अमरसिंह और अनूप के साथ नल पर आया और बाल्टी हटाने को बोला उसने पानी भर जाने की बात कही तो आरोपी पिता पुत्र ने उसे गाली गलौज करते हुए लात घूंसों से मारपीट कर घायल कर दिया।वह गर्भवती है गिरने से उसे चोटें आई हैं।गांव वालों ने आकर उसे बचाया।कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी पिता पुत्र के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कोतवाल ने नगर पालिका कर्मियों के साथ कस्बे में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



**शाहाबाद/ हरदोई, चसं।** कस्बे में दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर सामान लगाने के कारण होने वाले अतिक्रमण के विरुद्ध बुधवार को बेझा चौराहे से घंटाघर होते हुए घास मंडी तिराहे तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान दुकानदारों में अफरा तफरी का माहौल रहा।आपको बता दें कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश राय ने दो दिन पूर्व पत्रकार वार्ता में बताया था कि नगर में जाम की समस्या को खत्म करने के लिए दुकानदारों से अतिक्रमण हटाने की अपील की थी। प्रभारी निरीक्षक श्री राय नगर पालिका परिषद की टीम और पुलिस फोर्स के साथ बासित नगर मार्ग पर अतिक्रमण हटाने के लिए बुधवार पूर्वाहन 11:30 बजे निकले। यहां पर उन्होंने 2 बजे तक अतिक्रमण हटाने का काम किया। उन्होंने दुकानदारों से अपनी अपनी दुकानों के आगे किए गए अतिक्रमण को स्वयं हटा लेने का निर्देश दिया। अधिकांश दुकानदारों ने स्वयं अतिक्रमण हटा लिया। प्रभारी निरीक्षक श्री राय ने कहा कि कोई भी दुकानदार अतिक्रमण करके आवागमन में व्यवधान न पैदा करे। इसी बीच व्यापार मंडल के पदाधिकारी भी पहुंचे और उन्होंने प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार राय से वार्ता की। बताया गया है कि नगर पालिका परिषद की टीम अगले दिन से बुलडोजर लेकर आक्रमण हटाने का काम करेगी। फिलहाल अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से अतिक्रमण कारियों में दहशत व्याप्त हो गई।

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत निकाली गई जागरूकता रैली



**शाहाबाद/हरदोई, चसं।** राजकीय महाविद्यालय टोंडरपुर में पोषण पखवाड़ा 7 वां संस्करण (8 अप्रैल से 23 अप्रैल) पोषण जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा आज दिनांक 23 अप्रैल 2025 को एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार, बेहतर जीवन शैली ,संतुलित आहार तथा विशेष रूप से बालकों की कुपोषण से बचाव व स्वस्थ भविष्य हेतु समाज को जागरूक करना रहा। रैली में छात्र-छात्राओं द्वारा स्वस्थ तन स्वस्थ मन,संतुलित आहार मजबूत भविष्य का आधार, कुपोषण को दूर भगाओ देश को मजबूत बनाओ आदि नारे लगाकर तथा बैनर व पोस्टर के साथ लोगों को जागरूक किया गया। रैली का नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी इंदु भारती व पूनम वर्मा ने प्राचार्य प्रोफेसर अरविंद कुमार के मार्गदर्शन में किया। रैली में समस्त छात्र छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया।

## बेनीगंज के युवक हत्याकांड में महिला सहित दो और गिरफ्तार

**हरदोई, चसं।** बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भैनगांव में फेरी लगाने गए युवक की 7 अप्रैल को पुरानी रंजिश के चलते नट समुदाय के करीब पचास लोगों द्वारा डंडों से पीटकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने महिला सहित दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।प्राप्त विवरण में 7 अप्रैल को थाना बेनीगंज क्षेत्रांतर्गत ग्राम भैनगाँव में कुछ व्यक्तियों द्वारा एक व्यक्ति के साथ गाली-गलौज व मारपीट करने की सूचना प्राप्त हुई। इस सूचना पर थाना बेनीगंज पुलिस मौके पर पहुँची। जहाँ पर एक व्यक्ति सरपंच महावत निवासी अटिया मझिगवाँ थाना बेनीगंज वर्तमान पता-निवासी ग्राम पलिया पुरवा थाना खीरी जनपद लखीमपुर खीरी को 12 नामजद व 25-30 अज्ञात अभियुक्तगण आदि द्वारा लाठी-डण्डों से सिर पर वार कर घायल कर दिया था। थाना बेनीगंज पुलिस द्वारा तत्काल एम्बुलेंस की सहायता से घायल सरपंच उपरोक्त को सीएचसी कोथावाँ भेजा गया। जहाँ पर सरपंच उपरोक्त को डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। निर्मल पत्नी सरपंच निवासी ग्राम अटिया मंझिगवां वर्तमान पता पलियापुरवा थाना खीरी जनपद लखीमपुर खीरी की तहरीर के आधार पर थाना बेनीगंज पुलिस ने एक दर्जन नामजद सहित ढाई दर्जन अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई थी।पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस टीम को घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत का वाहन निर्यात 19 प्रतिशत बढ़कर 53 लाख यूनिट के पार, वैश्विक बाजार में दिखी जबरदस्त मांग

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** विदेशी बाजारों में भारतीय वाहनों की बढ़ती लोकप्रियता और मजबूत मांग ने वित्त वर्ष 2024-25 में देश के वाहन निर्यात को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के अनुसार, बीते वित्त वर्ष में कुल वाहन निर्यात 19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 53.63 लाख यूनिट तक पहुंच गया, जो अब तक का एक प्रमुख रिकॉर्ड है। यात्री वाहनों, दोपहिया और वाणिज्यिक वाहनों के निर्यात में यह वृद्धि वैश्विक बाजार में भारतीय ऑटोमोबाइल की विश्वसनीयता और प्रतिस्पर्धात्मकता को दर्शाती है। पिछले वित्त वर्ष में यात्री वाहनों का निर्यात 15 प्रतिशत बढ़कर 7,70,364 इकाई हो गया, जबकि 2023-24 में यह 6,72,105 इकाई था। उद्योग निकाय सियाम ने कहा कि भारत में बनने वाले वैश्विक मॉडल की मांग के कारण इस खंड ने पिछले वित्त वर्ष में अपना सर्वश्रेष्ठ वार्षिक प्रदर्शन दर्ज किया।

सायम ने कहा कि विनिर्माण गुणवत्ता में सुधार के साथ, कुछ कंपनियों ने विकसित बाजारों में निर्यात भी शुरू कर दिया है। यूटिलिटी वाहनों के निर्यात में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई और यह 3,62,160 इकाई रहा। वित्त वर्ष 2023-24 के 2,34,720 इकाई की तुलना में यह 54 प्रतिशत की वृद्धि है। पिछले वित्त वर्ष में दोपहिया वाहनों का निर्यात 21 प्रतिशत बढ़कर 41,98,403 इकाई रहा, जबकि 2023-24 में यह आंकड़ा 34,58,416 इकाई था। सायम ने कहा कि नए मॉडल और नए बाजारों ने दोपहिया वाहनों के निर्यात के दायरे को बढ़ाने में मदद की है। इसके अलावा अफ्रीकी क्षेत्र में आर्थिक स्थिरता और लातिनी अमेरिका में मांग ने इस वृद्धि को समर्थन दिया है। वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में 2024-25 में तिपहिया वाहनों के निर्यात में दो प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 3.1 लाख इकाई रहा। पिछले वित्त वर्ष में वाणिज्यिक वाहनों का निर्यात 23 प्रतिशत बढ़कर 80,986 इकाई रहा, जबकि इससे पिछले साल यह 65,818 इकाई था। वाहन विनिर्माताओं के संगठन ने कहा कि अफ्रीका और पड़ोसी देशों जैसे प्रमुख बाजारों में निर्यात मांग जारी रहने की संभावना है, क्योंकि 'मेड इन इंडिया' वाहनों की पहुंच बढ़ रही है।

### लखनऊ में सड़क निर्माण सम्बन्धी विभिन्न कार्यों के लिये 825.91 लाख रूपये मंजूर

**लखनऊ, चसं।** प्रदेश सरकार ने वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत जनपद लखनऊ में सड़क निर्माण से संबंधित विभिन्न कार्यों हेतु 825.91 लाख रूपये मंजूर किए हैं। इस संबंध में जारी शासनादेश की प्रति जिलाधिकारी, लखनऊ को प्रेषित कर दी गई है।शासनादेश के अनुसार मंजूर की गई धनराशि से इन्दिरा प्रियदर्शनी वार्ड, लाल बहादूर शास्त्री द्वितीय वार्ड, पेपर मिल वार्ड, स्माइलगंज द्वितीय वार्ड, विधानसभा पश्चिम, वार्ड न्यू हैदरगंज द्वितीय, विधानसभा सरोजिनी नगर, वार्ड सरोजिनी नगर द्वितीय, विधानसभा पश्चिम, वार्ड हैदरगंज तृतीय, फैजुल्लागंज प्रथम, तृतीय एवं चतुर्थ वार्ड, जानकीपुरम द्वितीय वार्ड तथा मल्लाही टोला प्रथम वार्ड में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण संबंधी कार्य कराया जाएगा।यह धनराशि प्रथम किश्त के रूप में मंजूर करते हुए जिलाधिकारी, लखनऊ के निवर्तन पर रखी गई है। शासन द्वारा ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को कार्यदायी संस्था नामित करते हुए विभिन्न शर्तो एवं प्रतिबंधों के अधीन कार्य संपन्न कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

### देवरिया के लिये 28.64 लाख रूपये मंजूर

**लखनऊ, चसं।** प्रदेश सरकार ने वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में संतुलित क्षेत्रीय विकास पूर्वांचल निधि योजना के अंतर्गत जनपद देवरिया के दो विकास खंडों में सड़क निर्माण से संबंधित कार्य हेतु 28.64 लाख रूपये मंजूर किए हैं। इस संबंध में जारी शासनादेश की प्रति जिलाधिकारी, देवरिया को प्रेषित कर दी गई है।शासनादेश के अनुसार विकास खंड-लार में सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु 11.29 लाख रूपये तथा विकास खंड-भागलपुर में सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु 17.35 लाख रूपये मंजूर किए गए हैं। प्रथम किश्त के रूप में मंजूर की गई यह धनराशि जिलाधिकारी, देवरिया के निवर्तन पर रखी गई है। इन कार्यों के लिए ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है।

### चमड़ा, जूता निर्यात 2024-25 में 25 प्रतिशत बढ़कर 5.7 अरब डॉलर पर

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** देश के चमड़ा, गैर-चमड़ा जूते और उत्पादों का निर्यात सालाना आधार पर लगभग 25 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 5.7 अरब डॉलर का हो गया। चालू वित्त वर्ष में निर्यात 6.5 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर सकता है। निर्यातकों के निकाय सीएलई ने सोमवार को यह जानकारी दी है। चमड़ा निर्यात परिषद (सीएलई) ने कहा कि विकसित और विकासशील दोनों देशों ओर से मांग कहीं बेहतर है। सीएलई के कार्यकारी निदेशक आर सेल्वम ने कहा, ''2024-25 में, हमने, वाणिज्य विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य को एक अरब डॉलर अधिक के साथ पार कर लिया है और इस प्रवृत्ति को देखते हुए, हमारा निर्यात 2025-26 में 6.5 अरब डॉलर के स्तर को लांघ जाएगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद यह क्षेत्र आगे बढ़ रहा है। इसी तरह सीएलई के चेयरमैन राजेंद्र कुमार जालान ने कहा कि भारत के प्रमुख निर्यात गंतव्य- अमेरिका और ब्रिटेन दोनों में निर्यात अच्छा चल रहा है। जालान ने कहा कि 10 प्रतिशत शुल्क वृद्धि के कारण सभी निर्यातक खरीदारों को छूट दे रहे हैं लेकिन कोई ऑर्डर रद्द नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, ''14-15 अप्रैल से स्थिति सामान्य है। हमने अमेरिका के साथ प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते में सरकार कोशून्य-के-लिए-शून्य शुल्क का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि आने वाले महीनों के लिए ऑर्डर बुक अच्छी है और अमेरिका और ब्रिटेन से भारी मांग आ रही है। उन्होंने बताया कि यह उद्योग, श्रम गहनता वाला है, जो लगभग 42 लाख लोगों को रोजगार प्रदान करता है। इस क्षेत्र का कुल कारोबार लगभग 19 अरब डॉलर का है, जिसमें पांच अरब डॉलर का निर्यात भी शामिल है। उद्योग के अनुसार, इस क्षेत्र में वर्ष 2030 तक लगभग 39 अरब डॉलर का कुल कारोबार तक पहुंचने की क्षमता है, जिसमें 25 अरब डॉलर का घरेलू उत्पादन और 13.7 अरब डॉलर का निर्यात कारोबार शामिल होगा। उद्योग ने यह भी कहा कि कई चीनी निवेशक भारत में विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए भारतीय फुटवियर कंपनियों के साथ हाथ मिलाने के इच्छुक हैं।

### भारत का ऑयलमील निर्यात मार्च में 3 फीसदी बढ़ा, पूरे साल में 11 प्रतिशत की गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफइंडिया ने मार्च 2025 के लिए ऑयलमील निर्यात के आंकड़े जारी किए हैं। मार्च में भारत ने कुल 4,09,148 टन ऑयलमील का निर्यात किया, जबकि मार्च 2024 में यह आंकड़ा 3,95,382 टन था यानी सालाना आधार पर 3ः की वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि, अप्रैल 2024 से मार्च 2025 की पूरी अवधि में ऑयलमील का कुल निर्यात घटकर 43,42,498 टन रह गया, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 48,85,437 टन था। यानी सालाना आधार पर 11ः की गिरावट हुई है। यह गिरावट मुख्य रूप से रेपसीड मील और कैस्टरसीड मील के निर्यात में कमी के कारण आई है। एफओबी वैल्यू के हिसाब से भी निर्यात घटकर 12,171 करोड़ रह गया, जबकि पिछले साल यह 15,368 करोड़ था यानी 21ः की गिरावट दर्ज की गई है।

### सोने ने तोड़े अपने सारे रिकॉर्ड, सोने ने नया रिकॉर्ड बनाया

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सोने की कीमतें इस साल लगातार रिकॉर्ड बना रही हैं। एमसीएक्स पर आज भी सोने ने नया रिकॉर्ड बनाया है। घरेलू बाजार में मंगलवार (22 अप्रैल) को सोने की कीमत 1.70 फीसदी की बढ़त के साथ 98,930 रुपए के आसपास कारोबार कर रही है जबकि चांदी में 0.63 फीसदी की तेजी है ये 95,850 रुपए प्रति किग्रा पर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। एमसीएक्स पर सोना 3,435.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 3,425.30 डॉलर प्रति औंस था। खबर लिखे जाने के समय यह 70.10 डॉलर की तेजी के साथ 3,495.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव आज 3,500.80 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए। एमसीएक्स पर चांदी के वायदा भाव 32.64 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 32.52 डॉलर था।

# मुम्बई ने लगाया जीता का चौका, हैदराबाद को हराया

**चर्चित राजनीति। एजेंसी**



**हैदराबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 की खराब शुरुआत करने वाली मुंबई इंडियंस ने जोरदार वापसी की है। 5 बार की चैंपियन मुंबई ने अब जीत का चौका लगा दिया है। बुधवार रात को हैदराबाद में खेले गए मुकाबले में मुंबई ने हैदराबाद को 7 विकेट से मात दी। मुंबई की जीत के हीरो ट्रेंट बोल्ट रहे। उन्होंने 4 ओवर में 26 रन देकर 4 विकेट चटकाए। वहीं दीपक चाहर ने किफायती गेंदबाजी की। उन्होंने 4 ओवर में सिर्फ 3 की इकोनॉमी से 12 रन देकर 2 सफलताएं प्राप्त कीं। ऐसे में हैदराबाद 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 143 रन ही बना सकी। जवाब में रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव ने अपनी बल्लेबाजी से मुंबई की जीत पर मुहर लगा दी। रोहित ने 46 गेंदों पर 70 रन की तूफानी पारी खेली। साथ ही स्काई 19 गेंदों पर 40 रन बनाकर नाबाद रहे। जीत के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा, इस मुकाबले को जीतना अच्छा है। खुशी है कि प्लेयर सही तरीके से लय पकड़ रहे हैं। मुझे लगता है एक बार जब इस टीम में सभी ने अच्छा प्रदर्शन करना शुरू कर दिया, तो दबदबा

> पावरप्ले में ही ट्रेविस हेड (00), ईशान किशन (01), अभिषेक शर्मा (8) और नीतीश कुमार रेड्डी (2) केवल 13 रन के स्कोर पर सिर झुकाए पवेलियन लौट गए। 12 साल में यह पहली बार है, जब हैदराबाद ने 20 रन के भीतर चार विकेट गंवाए हैं। इससे पहले उसने 2013 में दो बार 20 रन के भीतर चार विकेट गंवाए थे।



बन जाएगा। दीपक चाहर और ट्रेंट बोल्ट ने इसे सेट किया। रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव ने जीत की मुहर लगा दी। कुल मिलाकर यह शानदार जीत है। दीपक ने लगातार चार ओवर गेंदबाजी की। हार्दिक ने कहा, मुझे एहसास हुआ कि कप्तानी कभी-कभी सहज ज्ञान पर निर्भर करती है। मुझे खेल देखना और प्रतिक्रिया करना पसंद है और हमेशा पहले से बनी योजनाओं पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। पुथुर को गेंदबाजी करने के बारे में उन्होंने कहा, उस समय हम चाहते थे कि वे एक मौका लें और हमें एक विकेट दें। युवा खिलाड़ी जिसने कुछ गेम नहीं खेले थे, उसके लिए यह कठिन था और मैं समझता हूं। हम सभी विभागों में बेहतर हो सकते हैं, हमने बहुत ही क्लिनिकल और बहुत स्मार्ट होने के बारे में चर्चा की। हम इसे गेम दर गेम आगे बढ़ाएंगे। हम इस जीत से बहुत संतुष्ट हैं।

**तीसरे पायदान पर पहुंची मुंबई :** बता दें कि मुंबई ने 18वें सीजन में अब तक 9 मैच खेले हैं और 5 में जीत दर्ज की है। 10 अंकों के साथ टीम प्वाइंट्स टेबल में तीसरे पायदान पर पहुंच गई है। पहले 5 मैच में मुंबई को सिर्फ 1 मैच में जीत मिली थी। इसके बाद मुंबई इंडियंस जीत का चौका लगा चुकी है। अगले मैच में मुंबई का सामना लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा। यह मुकाबला 27 अप्रैल को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। सनराइजर्स हैदराबाद को मुंबई के खिलाफ घर में शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ हैदराबाद प्वाइंट्स टेबल में 9वें स्थान पर है। उसने 8 में से छह मैच गंवा दिए हैं और प्लेऑफ की रेस से बाहर होने की कगार पर खड़ी है। मुंबई के खिलाफ मिली शिकस्त के कप्तान पैट कमिंस निराश दिखे।

**हैदराबाद को मिली लगातार दूसरी शिकस्त :** आईपीएल के मौजूदा सीजन में शानदार शुरुआत करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद का खराब प्रदर्शन लगातार जारी है। 41वें मैच में हैदराबाद का सामना मुंबई से हुआ जिसमें उसे शिकस्त का सामना कर पड़ा। मौजूदा सीजन में हैदराबाद 8 मैच में से 6 मैच गंवा चुकी है। प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को झटका लगा है। मैच के बाद कप्तान पैट कमिंस भी निराश दिखे। उन्होंने आगे की तैयारी को लेकर कहा कि अब तक चीजें टीम के पक्ष में नहीं रही हैं, लेकिन बाकी के बचे हुए मैच में अटैक करने को देखेंगे। कमिंस ने मैच में शानदार प्रदर्शन वाले क्लासेन और अभिनव मनोहर की तारीफ की। उन्होंने कहा कि टी20 क्रिकेट अनिश्चिताओं का खेल है इसमें कुछ भी हो सकता है। पैट कमिंस ने कहा, क्लासेन और अभिनव ने हमारे लिए अच्छा किया ताकि हम एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंच सकें। हम कभी लय में नहीं आ पाए। कुछ शुरुआती विकेट गिरने के बाद, आपको पारी को संभालने का तरीका ढूंढना होता है, लेकिन हम ऐसा नहीं कर पाए। कमिंस ने आगे कहा, मैच से पहले हमने पिच के बारे में बात की थी। एक अच्छा ओवर फेंकना, पारी को बनाना और फिर तेजी लाना। यह सब संभव है। आपको हर बार शून्य से शुरुआत करनी होती है, हर बार पिच को अच्छे से समझना जरूरी होता है। पहले मैच में हमने 280 से ज्यादा रन बनाए थे। अगले में हम जल्दी सिमट गए। यह बड़ा अंतर था। यही ञ्20 है, इसमें कुछ भी हो सकता है। हैदराबाद के कप्तान ने कहा, अब तक चीजें हमारे पक्ष में नहीं रही हैं। हमारे कुछ अवे मैच आने वाले हैं। हर विकेट को जल्दी से परखना होगा। कुछ दिन ऐसे होंगे जब पूरा अटैक करना होगा, और कुछ दिन मेहनत करनी पड़ेगी। मैच की बात करें तो हैदराबाद ने पहले बल्लेबाज करते हुए 8 विकेट के नुकसान पर 143 रन बनाए। क्लासेन ने 71 और अभिनव ने 43 रन की पारी खेली। इसके जवाब में मुंबई ने 16 ओवर में मैच खत्म कर दिया। रोहित शर्मा ने 70 रन की पारी खेली। सूर्यकुमार 19 गेंद पर नाबाद 40 रन की पारी खेली। ट्रेंट बोल्ट ने घातक गेंदबाजी करते हुए चार विकेट चटकाए।

**9 साल बाद रोहित ने किया कमाल :** ट्रेंट बोल्ट की घातक गेंदबाजी के बाद रोहित शर्मा की उम्दा अर्धशतकीय पारी की बदौलत मुंबई इंडियंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को 8 विकेट से मात दी। हैदराबाद ने मुंबई को 144 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे मुंबई ने 16 ओवर में हासिल कर लिया। इस जीत के साथ मुंबई प्वाइंट्स टेबल में छठे स्थान से तीसरे पायदान पर पहुंच गई है। लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियंस की शुरुआत बेहद खराब रही। 13 रन के स्कोर पर रयान रिकल्टन 11 रन की पारी खेलकर आउट हो गए। विल जैक्स भी बड़ी पारी नहीं खेल पाए और 22 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, रोहित शर्मा के साथ 46 गेंद पर 64 रन की साझेदारी की। इसके बाद रोहित ने सूर्यकुमार यादव के साथ तीसरे विकेट के लिए 32 गेंद पर 52 रन जोड़े। इस दौरान रोहित शर्मा ने अपना अर्धशतक पूरा किया।

मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने आईपीएल में अपनी फॉर्म हासिल कर ली है। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अर्धशतकीय पारी खेलने के बाद हैदराबाद के भी खिलाफ हाफ सेंचुरी पूरी की। 9 साल बाद रोहित शर्मा ने आईपीएल में बैक-टू-बैक हाफ सेंचुरी जड़ी। साल 2016 में आखिरी बार रोहित शर्मा ने ऐसा कमाल किया था। रोहित शर्मा 46 गेंद पर

**■ रोहित ने 46 गेंदों पर 70 रन की तूफानी पारी खेली**

70 रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले मुंबई इंडियंस के खिलाफ टॉस हराने के बाद अपने घरेलू मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद की नैया डूबती दिखाई दी। टीम के लिए साउथ अफ्रीकी विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने 71 रन की शानदार पारी खेली। 4.1 ओवर में 13 रन पर चार विकेट गंवा चुकी सनराइजर्स के लिए हेनरिक क्लासेन सहारा बने और इंपैक्ट सब के रूप मे उतरे अभिनव मनोहर (43) के साथ छठे विकेट के लिए 99 रन महत्वपूर्ण साझेदारी कर हैदराबाद 143 के स्कोर तक पहुंचा दिया। पावरप्ले में ही ट्रेविस हेड (00), ईशान किशन (01), अभिषेक शर्मा (8) और नीतीश कुमार रेड्डी (2) केवल 13 रन के स्कोर पर सिर झुकाए पवेलियन लौट गए। 12 साल में यह पहली बार है, जब हैदराबाद ने 20 रन के भीतर चार विकेट गंवाए हैं। इससे पहले उसने 2013 में दो बार 20 रन के भीतर चार विकेट गंवाए थे। ट्रेंट बोल्ट ने चार विकेट चटकाए तो दीपक चाहर को दो विकेट मिला।

**जसप्रीत बुमराह ने पूरे किए 300 टी20 विकेट, मुंबई के लिए ऐसा करने वाले बने पहले भारतीय गेंदबाज :** आईपीएल 2025 के 41वें मैच में जसप्रीत बुमराह ने एक खास उपलब्धि हासिल की। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने टी20 क्रिकेट में अपने 300 विकेट पूरे किए। साथ ही आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बने गए हैं। उन्होंने श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा के रिकॉर्ड की बराबरी कर लिया। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने टी-20 क्रिकेट में 300 विकेट पूरे कर लिए हैं। बुमराह ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलते हुए यह उपलब्धि हासिल की। सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन उनके टी-20 क्रिकेट करियर का 300वां शिकार बने। गौरतलब हो कि वह भारत की ओर से यह आंकड़ा छूने वाले सिर्फ दूसरे तेज गेंदबाज बने हैं। मैचों के मामले में सबसे तेज 300 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज हैं। इस सूची में युजवेंद्र चहल पहले स्थान पर हैं। पीयूष चावला दूसरे और भुवनेश्वर कुमार तीसरे स्थान पर हैं। कुल मिलाकर, बुमराह चौथे स्थान पर मौजूद हैं। बुमराह ने हैदराबाद के खिलाफ 4 ओवर में 39 रन देकर एक विकेट लिया, जबकि बोल्ट ने चार विकेट चटकाए। यही नहीं बुमराह आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। साथ ही लसिथ मलिंगा के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। बुमराह ने मुंबई इंडियंस के लिए कुल 170 विकेट ले लिए हैं। हरभजन सिंह ने एमआई के लिए 127 विकेट चटकाए हैं। वहीं दूसरी ओर पहलगाम में हुए भयावह आतंकी हमले के बाद, जिसमें 26 लोग मारे गए और कई घायल हो गए, बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने इस जघन्य और कायराना कृत्य की कड़ी निंदा की और साथ ही कहा कि शासी निकाय इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है। सैकिया ने बुधवार को एक बयान में कहा, पहलगाम में कल हुए भीषण आतंकी हमले में निर्दोष लोगों की दुखद मौत से क्रिकेट समुदाय को गहरा सदमा लगा है और वह दुखी है। बीसीसीआई की ओर से, इस भयावह और कायराना कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए, मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं और दिवंगत आत्माओं के लिए प्रार्थना करता हूं। उनके दर्द और दुख को साझा करते हुए, हम इस दुखद घड़ी में उनके साथ खड़े हैं। मंगलवार दोपहर को, जम्मू-कश्मीर के पर्यटन शहर पहलगाम से लगभग छह किलोमीटर दूर स्थित सुंदर बैसरन घाटी में आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में 26 पर्यटक और स्थानीय लोग मारे गए, जबकि कई अन्य घायल हो गए।

बीसीसीआई ने अपने 'एक्स' अकाउंट के माध्यम से और अधिक संवेदना व्यक्त की। इसने कहा, पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के साथ हम एकजुटता से खड़े हैं। इस भीषण हमले में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के लिए प्रार्थना करता हूं। आतंकी हमले और जानमाल के नुकसान पर व्यापक अंतरराष्ट्रीय शोक और निंदा के बीच, भारतीय क्रिकेटरों ने पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ गहरी सहानुभूति और एकजुटता व्यक्त की है। वरिष्ठ तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी पहलगाम त्रासदी से प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करने वाले नवीनतम क्रिकेटर थे। शमी ने एक्स पर लिखा, पहलगाम में हुए दुखद आतंकवादी हमले पर मुझे बहुत दुख है। इस जघन्य कृत्य के कारण कई निर्दोष लोगों की जान चली गई और परिवार बिखर गए। इस तरह की हिंसा न केवल व्यक्तियों को निशाना बनाती है, बल्कि हमारे समाज के ताने-बाने को भी कमजोर करती है। उन्होंने कहा, इस कठिन समय में, हमें आतंकवाद की निंदा करने और पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करने में एकजुट होना चाहिए। यह जरूरी है कि हम शांति और लचीलेपन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ रहें। हमारी संवेदनाएं इस त्रासदी से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं और हम अपने समुदाय में न्याय और उपचार के लिए प्रार्थना करते हैं। इस बीच, पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल 2025 के मुकाबले के दौरान खिलाड़ी और अंपायर काली पट्टी बांधेंगे। सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि काली पट्टी बांधने के अलावा, बुधवार शाम को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में मैच शुरू होने से पहले एक मिनट का मौन भी रखा जाएगा।

# खेल के क्षेत्र में सुधार और विस्तार के लिये योजनाओं का तेजी से हो क्रियान्वयन

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चन्द्र यादव ने मंगलवार को अपने शासकीय कार्यालय कक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रगति एवं आगामी योजना के संबंध में समीक्षा बैठक की।

बैठक में खेल विभाग की योजनाओं की प्रगति, खेल सुविधाओं के विकास, खिलाड़ियों को दी जा रही सुविधाओं एवं आगामी खेल आयोजनों की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई।श्री यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश में खेलकूद के क्षेत्र में व्यापक



सुधार और विस्तार हेतु योजनाओं को तेजी से क्रियान्वित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें उचित प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध कराने पर जोर दिया। योगी सरकार का लक्ष्य है कि उत्तर प्रदेश को खेल के क्षेत्र में अग्रणी राज्यों की सूची में शामिल किया जाए। इसके लिए हर

**■ उत्तर प्रदेश में होगा खेल महाकुंभ का आयोजनः गिरीश चन्द**

सम्भव प्रयास किया जाए। बैठक में खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि इन योजनाओं से प्रदेश के युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन का अवसर मिल रहा है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक जिले में खेल प्रशिक्षकों की नियुक्ति, खेल सामग्री की उपलब्धता और स्टेडियमों के रखरखाव की प्रक्रिया को प्राथमिकता दी जाए। नई खेल नीति पर गंभीरता से कार्य किया जाए, जिससे खिलाड़ियों के कैरियर विकास, स्कॉलरशिप, बीमा और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। प्रदेश में राज्यस्तरीय खेल महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।मंत्री ने कहा कि पारदर्शिता, समयबद्ध कार्यों का निष्पादन करें। विभागीय योजनाओं में लापरवाही या शिथिलता को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। समझौता ज्ञापन के अनुसार गुणवत्ता एवं समयबद्ध तरीके से निर्माण कार्यों को पूर्ण करान के निर्देश दिये।

# पहलगाम हमले के बाद एयरलाइन कंपनियों का बड़ा फैसला, श्रीनगर रूट पर कैंसिलेशन और रिशेड्यूल फ्री

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद श्रीनगर की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए एयरलाइनों ने बड़ा फैसला लिया है। यात्रियों की सुरक्षा और सहूलियत को ध्यान में रखते हुए कई प्रमुख एयरलाइनों ने 30 अप्रैल 2025 तक श्रीनगर से और श्रीनगर के लिए उड़ानों पर रद्दीकरण व रिशेड्यूल शुल्क पूरी तरह माफकर दिए हैं।

एयर इंडिया एक्सप्रेस और एयर एशिया ने यात्रियों को न सिर्फ अपनी यात्रा की तारीख बदलने की सुविधा बिना किसी शुल्क के देने का फैसला किया है, बल्कि पूर्ण रिफंड का विकल्प भी उपलब्ध कराया है। एयर इंडिया एक्सप्रेस श्रीनगर को सीधे पांच जगहों




बेंगलुरु, दिल्ली, हैदराबाद, जम्मू और कोलकाता से जोड़ता है, जहां लगभग 80 साप्ताहिक उड़ानें संचालित की जाती हैं। एयरलाइन अपने घरेलू नेटवर्क में अगरतला, अयोध्या, चेन्नई, गोवा, कोच्चि, मुंबई, पटना, तिरुवनंतपुरम और वाराणसी सहित 26 गंतव्यों के लिए वन-स्टॉप कनेक्टिविटी भी प्रदान करती है। एयर इंडिया ने बुधवार को घोषणा की कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले के बीच मौजूदा स्थिति के मद्देनजर वह 23 अप्रैल को श्रीनगर से दो अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेगा। ये उड़ानें श्रीनगर से दिल्ली और मुंबई के लिए संचालित की जाएंगी। एयर इंडिया ने कहा, इन उड़ानों के लिए बुकिंग अब खुली है। श्रीनगर से आने-जाने वाली हमारी अन्य सभी उड़ानें निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चलती रहेंगी। कंपनी ने कहा, अधिक सहायता के लिए, कृपया 011 69329333, 011 69329999 पर हमारे संपर्क केंद्र से संपर्क करें।इस बीच, अकासा एयरलाइन ने कहा कि वह जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में दुखद घटनाओं से गहरा दुख व्यक्त करता है। हमारी हार्दिक संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है, और जिनके जीवन पर प्रभाव पड़ा है। इंडिगो 22 अप्रैल या उससे पहले की गई बुकिंग पर 30 अप्रैल तक की यात्रा के लिए छूट। श्रीनगर से दो अतिरिक्त उड़ानें। बता दें मंगलवार को, आतंकवादियों द्वारा एक प्रसिद्ध चरागाह में की गई गोलीबारी में दो विदेशियों और दो स्थानीय लोगों सहित कम से कम 26 लोग मारे गए, जो 2019 में पुलवामा हमले के बाद से घाटी में सबसे घातक हमला है।

### आईटीआई लखनऊ में टाटा मोटर्स का कैंपस ड्राइव कल, 1000 पदों पर होगा चयन

**लखनऊ, चसं।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज लखनऊ में 24 अप्रैल को टाटा मोटर्स लिमिटेड लखनऊ एवं पंतनगर द्वारा एक दिवसीय कैंपस ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 1000 पदों पर अप्रेन्टिसशिप एवं अस्थायी कामगारों की भर्ती की जाएगी। संस्थान के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि कैंपस ड्राइव में महिला एवं पुरुष दोनों अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं और यह रोजगार का एक महत्वपूर्ण अवसर है।संस्थान के ट्रेनिंग, काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी एमए खां ने बताया कि लखनऊ प्लांट में अप्रेन्टिसशिप हेतु इंजीनियरिंग व्यवसाय में आईटीआई पास 18 से 25 वर्ष के अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा जबकि अस्थायी कामगार के पद पर वही अभ्यर्थी पात्र होंगे जिनके पास एक वर्ष का कार्यानुभव हो, आयुसीमा 18 से 32 वर्ष हो। अप्रेन्टिसशिप हेतु 13,060 रूपये प्रतिमाह स्टाइपेन्ड तथा अस्थायी कामगार के रूप में 14,827 रूपये प्रतिमाह वेतन मिलेगा। पंतनगर प्लांट में अप्रेन्टिसशिप के लिए इंजीनियरिंग एवं नॉन-इंजीनियरिंग व्यवसाय में आईटीआई पास 18 से 25 वर्ष के अभ्यर्थी पात्र होंगे, अस्थायी कामगार पद के लिए इंजीनियरिंग व्यवसाय में आईटीआई एवं एक वर्ष का अनुभव आवश्यक है, जिनकी आयुसीमा 18 से 28 वर्ष निर्धारित है। पंतनगर में अप्रेन्टिसशिप को 11,558 रूपये स्टाइपेन्ड एवं अस्थायी कामगार के रूप में रूपये 13,409 प्रतिमाह वेतन मिलेगा। चयनित अभ्यर्थियों को कैंटीन, ट्रांसपोर्ट, पीएफ ईएसआईसी जैसी सुविधाएं कम्पनी द्वारा दी जाएंगी। आवेदन हेतु अभ्यर्थियों को अपने बायोडाटा के साथ शैक्षिक प्रमाणपत्रों की छायाप्रतियों सहित 24 अप्रैल को प्रातः 10 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज लखनऊ में उपस्थित होना होगा।

### राज्य पशुधन व कृषि सम्बन्धी प्रक्षेत्र के लिये 72.40 करोड़ स्वीकृत

**लखनऊ, चसं।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में पशुधन विकास के तहत राज्य पशुधन एवं कृषि संबंधी प्रक्षेत्र के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष में रूपये 72 करोड़ 40 लाख 03 हजार मात्र की धनराशि स्वीकृत की है। पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए है।

### वाराणसी के लिये 231.46 लाख रूपये मंजूर

**लखनऊ, चसं।** प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में संतुलित क्षेत्रीय विकास पूर्वांचल निधि योजना के अंतर्गत जनपद वाराणसी में सड़क निर्माण से संबंधित 04 कार्यों हेतु 231.46 लाख रूपये मंजूर किए हैं। प्रथम किश्त के रूप में मंजूर की गई यह धनराशि जिलाधिकारी, वाराणसी के निवर्तन पर रखी गई है। इस संबंध में जारी शासनादेश की प्रति जिलाधिकारी, वाराणसी को प्रेषित कर दी गई है।शासनादेश के अनुसार ग्रामसभा कुरू में पिच रोड निर्माण कार्य हेतु 34.21 लाख रूपये, ग्रामसभा कुड़ी में सड़क नव निर्माण कार्य हेतु 30.67 लाख रूपये, ग्राम सभा मलहथ में सड़क नव निर्माण कार्य हेतु 25.48 लाख रूपये तथा वार्डसुन्दरपुर में सीवर केसी ड्रेन व इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य हेतु 141.10 लाख रूपये मंजूर किए गए हैं। इन कार्यों के लिए ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है।

### सड़क निर्माण कार्यों के लिए 351.59 लाख रूपये मंजूर

**लखनऊ, चसं।** प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत लखनऊ में सड़क निर्माण से संबंधित विभिन्न कार्यों के लिए 351.59 लाख रूपये मंजूर किए हैं। इस संबंध में जारी शासनादेश की प्रति जिलाधिकारी, लखनऊ को प्रेषित कर दी गई है। विधान सभा-बक्शी का तालाब में लखनऊ-अयोध्या मार्ग, चिनहट के पास तिवारीगंज में रोड एवं नाला निर्माण कार्य हेतु 52.52 लाख रूपये तथा उत्तरधौना चिनहट में सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु 34.14 लाख रूपये मंजूर किए गए हैं।

# पहलगाम टेरर अटैक पर बयान देकर ट्रोल हो रहे हैं एक्टर सनी देओल



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है, और बॉलीवुड सेलेब्स भी इस हमले के बाद सोशल मीडिया पर अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। जहां एक तरफ अक्षय कुमार, संजय दत्त, अनुपम खेर जैसे सितारे अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं, वहीं सनी देओल को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा है। सनी देओल ने इस हमले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, इस समय दुनिया की सोच सिर्फ आतंकवाद को खत्म करने की होनी चाहिए क्योंकि इसका शिकार सिर्फ मासूम लोग होते हैं। इंसान को अपने अंदर झांकने की जरूरत है। इस दुख की घड़ी में मैं पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा हूं। इस समय दुनिया की सोच सिर्फ आतंकवाद को खत्म करने की होनी चाहिए क्यूंकि इसका शिकार सिर्फ मासूम लोग ही होते है ,इंसान को अपने अंदर झांकने की जरूरत है। इस दुख की घड़ी में मैं पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा हूं। हालांकि, सनी देओल के इस पोस्ट को कुछ लोग पसंद कर रहे हैं, लेकिन एक बड़ी संख्या में सोशल मीडिया यूजर्स उन्हें ट्रोल भी कर रहे हैं। दरअसल, सनी देओल ने कुछ समय पहले पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान के कामबैक का समर्थन किया था। इस कारण, लोग उन्हें ट्रोल कर रहे हैं और उनकी पिछली टिप्पणी को याद दिला रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, तू तो बोल रहा है पाकिस्तानी कलाकारों को काम देने के लिए।श् वहीं दूसरे यूजर ने लिखा, जाट फिल्म रिलीज से पहले क्या बोले थे तुम? - पाकिस्तान के कलाकारों को रोकना नहीं चाहिए, सीमाओं से परे सिनेमा होता है। तुम जैसों की इसी सोच ने ये हाल किया है। सनी देओल ने जाट फिल्म के प्रमोशन के दौरान फवाद खान के कामबैक पर कहा था, देखिए, मैं इसके राजनीतिक पहलू में नहीं जाना चाहता, क्योंकि यहीं से चीजें गड़बड़ होने लगती हैं। हम एक्टर्स हैं, हम दुनियाभर के दर्शकों के लिए काम करते हैं। लोग देख रहे हों या नहीं, हम सबके लिए परफॉर्म करते हैं। तो, ऐसी कोई बात नहीं है। दुनिया जिस तरह की है, हमें वैश्विक बने रहना चाहिए और बाकी देशों का स्वागत करना चाहिए। :: एजेंसी

## पहलगाम अटैक पर अक्षय कुमार व संजय दत्त ने दी कड़ी प्रतिक्रिया




जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले से देशवासी पूरी तरह से सहमे हुए हैं। वहां से सामने आ रही तस्वीरें और वीडियोज बेहद ही दिल तोड़ने वाली हैं। ऐसे में हर कई इस हमले की कड़ी निंदा कर रहा है और मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना जाहिर करता नजर आ रहा है। इसी बीच बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार और संजय दत्त ने भी इस अटैक पर अपनी प्रतिक्रिया दी है और आतंकवादी हमले पर अपना गुस्सा जाहिर किया है। अक्षय कुमार ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा, 'पहलगाम में खतरनाक आंतकी हमला हुआ है। हैवानों ने मासूम लोगों को निशाना बनाया है।उनके परिवार के लिए प्रार्थना करता हूं।'एक्टर संजय दत्त ने कहा, ÷उन्होंने हमारे लोगों को बेरहमी से मार डाला। इसे माफ नहीं किया जा सकता, इन आतंकवादियों को यह जानने की जरूरत है कि हम चुप नहीं रह रहे हैं। इस समय दुनिया की सोच सिर्फ आतंकवाद को खत्म करने की होनी चाहिए क्यूंकि इसका शिकार सिर्फ मासूम लोग ही होते है ,इंसान को अपने अंदर झांकने की जरूरत है। वहीं, एक्टर सनी देओल ने भी अपना गुस्सा जाहिर करते हुए लिखा- इस समय दुनिया की सोच सिर्फ आतंकवाद को खत्म करने की होनी चाहिए क्योंकि इसका शिकार सिर्फ मासूम लोग ही होते है, इंसान को अपने अंदर झांकने की जरूरत है। इस दुख की घड़ी में मैं पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा हूं। :: एजेंसी

## न टैलेंट, न लुक्स, वो मेरी सगी बहन पूजा भट्ट के सामने आधी भी नहीं : राहुल भट्ट

भट्ट परिवार हमेशा से बॉलीवुड के चर्चित परिवारों में से एक रहा है। इस परिवार के अंदरूनी रिश्ते और बयानों ने कई बार सुर्खियां बटोरी हैं। हाल ही में, आलिया भट्ट के सौतेले भाई राहुल भट्ट ने एक इंटरव्यू में कुछ ऐसे बयान दिए हैं, जिन्होंने एक बार फिर भट्ट परिवार को चर्चा में ला दिया है। राहुल ने हाल ही में न सिर्फ एक्ट्रेस की तुलना अपनी सगी बहन से की बल्कि ये भी कहा कि वो उनके आगे कुछ भी नहीं है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान, जब राहुल भट्ट से पूछा गया कि क्या वह मानते हैं कि आलिया भट्ट भट्ट परिवार की विरासत को आगे ले जा रही हैं, तो उन्होंने बेहद चौंकाने वाला जवाब दिया। राहुल ने कहा अगर आप मुझसे पूछें, तो मेरी नजर में आलिया मेरी सगी बहन पूजा भट्ट की आधी भी नहीं है दृ न टैलेंट में, न लुक्स में, न अट्रैक्शन में। पूजा के सामने वो बस पानी कम चाय है। राहुल ने पूजा को सबसे ज्यादा मोरलिस्टिक और टैलेंटेड बताया और कहा कि अगर सभी भाई-बहनों में से किसी को भट्ट परिवार की विरासत को आगे ले जाना है। :: एजेंसी

# 'डॉन 3' में अभिनेत्री कृति सेनन की एंट्री

बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन फिल्म डॉन 3 में रणवीर सिंह के साथ काम करती नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड फिल्मकार फरहान अख्तर, रणवीर सिंह को लेकर डॉन 3 बनाने जा रहे हैं। पहले डॉन 3 में कियारा आडवाणी काम करने वाली थी। कियारा के बाद डॉन 3 में शरवरी वाघ के काम करने की चर्चा थी। अब कहा जा रहा है कि डॉन 3 में कृति सेनन हुई एंट्री हो गई है। डॉन 3 की शूटिंग अबतक शुरू नहीं हुई है। रणवीर सिंह जल्द से जल्द अपनी अपकमिंग फिल्मों की शूटिंग खत्म कर दूसरे प्रोजेक्ट्स की तरफ बढ़ना चाहते हैं। रणवीर ने फिल्म 'धुरंधर' का काम लगभग पूरा कर लिया है। इसके बाद वो अगले प्रोजेक्ट्स की तरफ बढ़ेंगे। कहा जा रहा है कि फरहान अख्तर ने 'डॉन 3' के लिए लोकेशन की तलाश भी कर ली है। 'डॉन 3' को बड़े लेवल पर यूरोप में शूट किया जाएगा। साथ ही लोकेशन पहले ही तय हो चुकी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, स्क्रिप्ट भी तैयार हो चुकी है। टीम का प्लान है कि अक्टूबर या नवंबर 2025 तक फिल्म की शूटिंग शुरू हो सके। बता दें कि हाल ही में अभिनेत्री कृति सेनन ने साझा कि उन्होंने बॉलीवुड की कुछ नामी, टैलेंटेड एक्ट्रेसेस से काफी कुछ सीखा है। वह इन्हें अपना आइडल मानती हैं। इन एक्ट्रेसेस में काजोल, तब्बू, डिंपल कपाड़िया और करीना कपूर शामिल हैं। मुझे पता है कि ये इतना आसान नहीं होता लेकिन अभिनय मैंने दूसरों को देखकर ही सीखा है। अक्सर कहा जाता है कि अभिनेत्रियों के बीच सहज संवाद कम ही होता है पर मैंने जितनी भी हीरोइन के साथ काम किया, उनमें डिंपल (कपाड़िया) मैम का रुतबा सबसे अलग दिखा है। उनका क्या ही तो स्टाइल है, कमाल कॉन्फीडेंस और उनके रंग बिरंगे धूप के चश्मे, उफ़! एक दिन मैं भी उनके जैसे किरदार करना चाहूंगी। करीना कपूर को वैसे देखिए तो वह बहुत ही मस्तमौला टाइप की इंसान लगती है। लेकिन, सेट पर आते ही वह एकदम से बदल जाती हैं। कैमरे की नजरों में वह अलग ही दिखती हैं। हर सीन से पहले हर संवाद को तरह तरह से बोलकर याद करती हैं। तब्बू मैम का ताव हिंदी सिनेमा में सबसे अनोखा है। उनके किरदारों की पूरी एक फेहरिस्त मेरे पास है जिनको मौका मिले तो मैं तुरंत करना चाहूंगी। वह अपने अभिनय की आशुकवि हैं। उनके दिमाग में न जाने कहां से वह सब कैमरा ऑन होते ही आ जाता है। उनके चेहरे की एक मुस्कुराहट पूरे सीन का भाव बदल देती है। काजोल मैम के साथ मैंने



पहले फिल्म 'दिलवाले' की थी और फिर 'दो पत्ती'। इतने साल अभिनय करने के बाद भी वह हर बार कुछ नया, कुछ बेहतर करने के लिए एक न्यूकमर की तरह लालायित दिखती हैं। अभिनय के प्रति उनका ये समर्पण अक्सर मुझे शाहरुख (खान) सर की याद दिलाता है।

वहीं दूसरी ओर कृति सेनन ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट किया था, जिसमें कृति ने ऐसी बात साझा कि उनके फैंस खुश हो गए। कृति ने जो पोस्ट की, उमसें एक कैप्शन भी लिखा है। जिसमें वह लिखती हैं, 'इस प्यार के महीने में बरेली में होगा प्यार भी, तकरार भी और हंगामा भी, फिर से।' दरअसल, इस पोस्ट और कैप्शन के जरिए कृति ने बताया है कि उनकी फिल्म 'बरेली की बर्फी' री-रिलीज हो रही है। साल 2017 में रिलीज हुई फिल्म 'बरेली की बर्फी' थिएटर में री-रिलीज हो रही है। कृति सेनन की यह फिल्म वैलेंटाइन वीक यानी 7 फरवरी पर री-रिलीज हो रही है। इस बात की जानकारी ही कृति ने अपने फैंस को सोशल मीडिया के जरिए की। इस फिल्म को वह अपने सबसे प्यारी फिल्म बताती हैं। कृति के फैंस ने भी फिल्म की री-रिलीज पर रिएक्शन दिए हैं। कई यूजर्स का कहना है कि बिट्टी के किरदार में कृति सेनन को दोबारा बड़े पर्दे पर देखने में मजा आएगा। फिल्म 'बरेली की बर्फी' में कृति सेनन की जोड़ी राजकुमार राव और आयुष्मान खुराना के साथ बनी थी। फिल्म एक रोमांटिक, कॉमेडी रही। इसमें कृति ने बिट्टी नाम की लड़की का रोल किया था, जो बरेली में रहती है। वह अपनी मर्जी से जिंदगी को जानी चाहती है। फिल्म में प्यार, तकरार और खूब सारा हंगामा है। यह फिल्म दर्शकों को भी खूब पसंद आई थी। कृति सेनन के अपकमिंग प्रोजेक्ट की बात करें तो इस साल वह आनंद एल रॉय की फिल्म 'तेरे इश्क में' नजर आएंगी। इस फिल्म में वह साउथ एक्टर धनुष के अपोजिट नजर आएंगी। हाल ही में इस फिल्म का ट्रेलर लॉन्च हुआ था, जिसमें कृति सेनन का अंदाज देखकर दर्शक हैरान रह गए। वहीं दूसरी ओर बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा कृति सनोन ने 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भाग लिया और भाई-भतीजावाद पर अपने विचार साझा किए।

उन्होंने बाहरी लोगों के सामने आने वाले संघर्षों के बारे में खुलकर बात की और बताया कि कैसे मीडिया और दर्शक भाई-भतीजावाद की बहस में योगदान देते हैं। अपनी बातचीत के दौरान कृति ने कहा कि फिल्मी पृष्ठभूमि के बिना किसी व्यक्ति को अपने सपनों के अवसर पाने में समय लगता है। कृति ने कहा, जब से मैं यहां आई हूं, इंडस्ट्री ने मेरा बहुत गर्मजोशी से स्वागत किया है। बेशक, जब आप किसी फिल्मी पृष्ठभूमि से

> **बॉलीवुड फिल्मकार फरहान अख्तर, रणवीर सिंह को लेकर डॉन 3 बनाने जा रहे हैं। पहले डॉन 3 में कियारा आडवाणी काम करने वाली थी। कियारा के बाद डॉन 3 में शरवरी वाघ के काम करने की चर्चा थी। अब कहा जा रहा है कि डॉन 3 में कृति सेनन हुई एंट्री हो गई है। डॉन 3 की शूटिंग अब तक शुरू नहीं हुई है।**

नहीं होते हैं, तो आपको वहां पहुंचने में समय लगता है। आपको उन अवसरों को पाने में समय लगता है, जिनकी आपको चाहत होती है। आपको उन पत्रिकाओं के कवर पेज पर आने में भी समय लगता है। इसलिए सब कुछ थोड़ा संघर्षपूर्ण होता है। लेकिन 2-3 फिल्मों के बाद, यदि आप कड़ी मेहनत करते रहें और उसमें लगे रहें, तो कोई भी आपको रोक नहीं सकता। कृति ने यह भी कहा कि बॉलीवुड इंडस्ट्री नेपोटिज्म के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार नहीं है और उन्होंने बताया कि स्टार किड्स को बढ़ावा देने में दर्शकों और मीडिया की भी भूमिका है। कृति ने कहा, मुझे लगता है कि नेपोटिज्म के लिए इंडस्ट्री उतनी जिम्मेदार नहीं है। इसके लिए मीडिया और दर्शक भी जिम्मेदार हैं। दर्शक देखना चाहते हैं कि मीडिया कुछ स्टार किड्स के बारे में क्या दिखा रहा है। क्योंकि दर्शकों की उनमें रुचि है, इसलिए इंडस्ट्री को लगता है कि चूंकि दर्शकों की रुचि है, इसलिए उनके साथ फिल्म बनाई जानी चाहिए। इसलिए मुझे लगता है कि यह एक चक्र है। लेकिन मुझे लगता है कि अगर आप प्रतिभाशाली हैं, तो आप वहां पहुंच जाएंगे। अगर आप प्रतिभाशाली नहीं हैं, और अगर दर्शकों के साथ आपका जुड़ाव नहीं है, तो आप वहां नहीं पहुंच पाएंगे। इस बीच, काम के मोर्चे पर, उन्हें आखिरी बार काजोल और शहीर शेख के साथ डबल रोल निभाते हुए दो पत्ती में देखा गया था। यह एक डिजिटल ओनली रिलीज थी और पिछले महीने नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर हुई थी। वह अगली बार अक्षय कुमार की मल्टी-स्टारर हाउसफुल 5 और वरुण धवन-स्टारर भेड़िया 2 में नजर आएंगी।

कृति सनोन ने हाल ही में अपने बोल्ड रेड साड़ी लुक से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा, जिसने फैशन की दुनिया में मिली-जुली प्रतिक्रियाएँ बटोरीं। कुणाल रावल द्वारा डिज़ाइन की गई छह गज की खूबसूरती को मैचिंग हाई-कॉलर ब्लाउज़ के साथ जोड़ा गया था, जो क्लासिक साड़ी स्टाइल को एक अनूठा मोड़ दे रहा था। जहाँ कुछ प्रशंसकों को उनका नया अंदाज़ पसंद आया, वहीं कुछ लोग उतने प्रभावित नहीं हुए। मशहूर फ़ैशन कमेंटेटर डाइट सब्या ने तो उनके आउटफिट की तुलना एयर होस्टेस की वर्दी से करते हुए उनकी आलोचना की। हाल ही में एक इंटरव्यू में, कृति से इस आलोचना के बारे में पूछा गया, और यहाँ बताया गया है कि उन्होंने क्या जवाब दिया। हाल ही में एक कार्यक्रम में, पत्रकार/सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अरुण सिंह ने कृति सनोन से उनके बोल्ड रेड साड़ी लुक से चर्चा में आने के बारे में पूछा। आश्चर्यचकित होकर उन्होंने जवाब दिया, ओह, मैंने ऐसा किया? मैंने चर्चा में आ गई? मुझे नहीं पता था कि यह मेरा लुक है। :: नेशनल डेस्क

# ब्रेस्टफीडिंग के लिए कौन सी पोजीशन है सबसे फायदेमंद

ब्रेस्टफीडिंग न केवल बच्चे के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह मां के स्वास्थ्य के लिए भी कई फायदे प्रदान करता है। मां का दूध शिशु को आवश्यक पोषण, सुरक्षा और रोगों से बचाव प्रदान करता है। इसे लेकर हर साल 1 अगस्त से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है, ताकि लोगों को स्तनपान के लाभ के बारे में जागरूक किया जा सके। ब्रेस्टफीडिंग से शिशु को संपूर्ण पोषण मिलता है क्योंकि मां के दूध में प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज, और एंटीबॉडीज जैसे सभी जरूरी तत्व होते हैं, जो शिशु के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक हैं। मां का दूध बच्चों के लिए सबसे सही आहार होता है, क्योंकि इसमें शिशु की बढ़त और इम्यून सिस्टम को मजबूत करने के लिए सभी जरूरी तत्व प्राकृतिक रूप से होते हैं। नियमित ब्रेस्टफीडिंग से कुपोषण जैसी समस्याएं भी कम हो जाती हैं, जिससे शिशु का विकास ठीक से होता है।

स्तनपान से शिशु को अस्थमा, मोटापा, डायबिटीज जैसी बीमारियों से बचाव होता है। मां के दूध में ऐसे तत्व होते हैं, जो शिशु के इम्यून सिस्टम को मजबूत करते हैं और उसे संक्रमण से लड़ने में मदद करते हैं। यह शिशु को पेट संबंधी समस्याओं, जैसे दस्त, पाचन समस्याओं और गले की



बीमारियों से भी सुरक्षित रखता है। इसके अलावा, ब्रेस्टफीडिंग से शिशु का विकास सही दिशा में होता है और यह उसे किसी भी तरह के वायरल या बैक्टीरियल इंफेक्शन से बचाता है। स्तनपान का लाभ केवल शिशु तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि मां को भी इससे कई फायदे होते हैं। ब्रेस्टफीडिंग करने से स्तन कैंसर, ओवरी कैंसर, और टाइप-2 डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारियों के जोखिम को कम किया जा सकता है।

इसके अलावा, स्तनपान से मां का वजन भी जल्दी घटता है, जिससे प्रसव के बाद शरीर की संरचना में जल्दी सुधार होता है। यह मां के हार्मोनल संतुलन को भी ठीक करता है, जिससे उसके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। ब्रेस्टफीडिंग के दौरान सही पोजीशन का चुनाव बहुत महत्वपूर्ण होता है। सही पोजीशन से न केवल मां और शिशु को आराम मिलता है, बल्कि यह शिशु को पूरी मात्रा में दूध प्राप्त करने में मदद करता है। शिशु को सही पोजीशन में दूध पीने से उसके पेट में गैस, सूजन और पेट दर्द की समस्या भी कम होती है। यदि शिशु सही तरीके से चूसता है, तो मां को भी दर्द कम महसूस होता है और दूध का उत्पादन बढ़ता है। शिशु को मां के शरीर के संपर्क में रखकर ब्रेस्टफीडिंग कराना बेहद फायदेमंद होता है। इससे शिशु को मां का आरामदायक और गर्माहट भरा अनुभव होता है, जो उसे आत्म-संवेदन और सुरक्षा का एहसास कराता है। इससे मिल्क प्रोडक्शन भी बढ़ता है और शिशु को आसानी से दूध मिलता है। इस संपर्क से शिशु को ब्रेस्टफीडिंग की प्रक्रिया में भी आसानी होती है, क्योंकि वह मां के शरीर के संपर्क में रहते हुए ज्यादा आराम से दूध पी सकता है। ब्रेस्टफीडिंग करते समय मां को यह ध्यान रखना चाहिए कि वह सही पोजीशन में बैठी हो, ताकि शिशु को आसानी से दूध मिल सके और उसे कोई असुविधा न हो। यदि मां सही पोजीशन में नहीं बैठती, तो शिशु दूध नहीं पी पाएगा और उसे पोषण की कमी हो सकती है। गलत पोजीशन में ब्रेस्टफीडिंग करने से मां को भी दर्द और असुविधा का सामना करना पड़ सकता है, जिससे दूध का उत्पादन प्रभावित हो सकता है। :: लोकल डेस्क

# प्रथम पृष्ठ का शेष समाचार

## पहलगाम हमले पर

खुश रखे, आमीन, आमीन। हमें ज्यादा खुशी होगी अगर आरएसएस, बीजेपी, बजरंग दल और मीडिया को निशाना बनाया जाए। इतना ही नहीं युवक ने एक और पोस्ट शेयर कर लिखा हर लम्हा 24 घंटे शबाना रोज पुरे साल रुचैंसहंउ में भारी फोर्स की मौजूदगी होती है। बावजूद इसके हिंदू भाइयों का कत्ल ए आम हशतगर्द तंजीम बीजेपी की बड़ी साजिश है।

## योगी ने शुभम

पहले शुभम से 'कलमा (इस्लामी आस्था की घोषणा) पढ़ने को कहा और ऐसा न करने पर उसके सिर में गोली मार दी। सौरभ ने आगे बताया कि शुभम की हत्या करने के बाद एक आतंकवादी ने उसकी पत्नी की ओर मुड़कर कहा, ''अपनी सरकार को बताओ कि हमने तुम्हारे पति के साथ क्या किया। जिलाधिकारी (डीएम) जितेंद्र प्रताप सिंह ने पुलिस आयुक्त (सीपी) के साथ बुधवार को शोकाकुल परिवार और उनके रिश्तेदारों से मुलाकात की। एक अधिकारी ने पुष्टि की कि जिला प्रशासन ने उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है। सिंह ने शुभम के चाचा मनोज द्विवेदी को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गहरी चिंता से अवगत कराया। उन्होंने मीडिया को बताया, मुख्यमंत्री जी ने फोन पर मुझसे पीड़ित के परिवार के बारे में जानकारी ली और उन्होंने दुख की इस घड़ी में पीड़ित के पैतृक गांव में परिवार से मिलने और उन्हें सांत्वना देने के लिए व्यक्तिगत रूप से जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा, हमें यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि परिवार को हर संभव सहायता मिले। उन्होंने आगे कहा, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि पीड़ित परिवार को कोई कठिनाई न हो और शव को लाने सहित सभी काम सुचारू रूप से और सुरक्षित तरीके से किए जाएं। जिलाधिकारी ने बताया कि उन्होंने और पुलिस आयुक्त अन्य अधिकारियों ने शोक संतप्त परिवार के साथ आधे घंटे से अधिक समय बिताया और संवेदना व्यक्त की। सिंह ने कहा, हालांकि दुख की इस घड़ी में सांत्वना देने के लिए कोई भी शब्द पर्याप्त नहीं है, लेकिन मैंने उन्हें आश्वासन दिया है कि मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन शुभम के अवशेषों को कानपुर वापस लाने के लिए सभी कदम उठा रहे हैं।

## पहलगाम हमले पर राबर्ट

मिलकर नफरत की राजनीति को रोकना होगा। वाड्रा के बयान पर सोशल मीडिया पर तीखी बहस छिड़ गई है। कई लोगों ने इसे समझदारी भरा विश्लेषण बताया, वहीं बहुसंख्यक वर्ग ने इसे देश विरोधी सोच को तर्क देने वाला बयानश् बताया है।भाजपा नेताओं ने वाड्रा के बयान को गैर-जिम्मेदाराना और संवेदनहीन बताया, जबकि कांग्रेस पार्टी ने अब तक इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। इस हमले के बाद देश के कई हिस्सों में लोगों ने आक्रोश जताया है। इसी दौरान मोहम्मद नौशाद नाम के व्यक्ति को ष्जिंदा ल्वन चंपेजंदष् जैसा पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। दर्दनाक घटना में लेफ्टिनेंट विनय नरवाल जो अपनी शादी के 7वें दिन पत्नी के साथ हनीमून पर पहलगाम गए थे, आतंकियों की गोली का शिकार हो गए।

## राजनाथ ने तीनों

साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में भारत को डराया नहीं जा सकता। राजनाथ ने कहा, हम साजिश करने वालों की तह तक जाएंगे। हमले के जिम्मेदार लोगों को करारा जवाब दिया जाएगा। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। आतंक के खिलाफहमारी जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी है। किसी भी सूरत में हम डरने वाले नहीं हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि आतंक के खिलाफदेश एकजुट है।

## मासूमों की हत्या

हत्याओं की निंदा की है। श्रीनगर, सोपोर, टंगमर्ग, बारामुल्ला, हंदवाड़ा, बांडीपोरा, कुपवाड़ा और घाटी के अन्य हिस्सों में विरोध प्रदर्शन हुए। जम्मू क्षेत्र में भी कई विरोध प्रदर्शन हुए। टंगमर्ग में एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि यह सिर्फ एक आतंकी हमला नहीं है - यह कश्मीरियत की हत्या है। वे कहते थे कि हमारे मेहमानों की हत्या अक्षम्य है। हम चाहते हैं कि हत्यारों को न्याय के कटघरे में लाया जाए और हमारे देश की शांति बहाल हो। याद रहे पहलगाम के बैसरन इलाके में मंगलवार दोपहर को आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों के एक समूह पर की गई गोलीबारी में एक स्थानीय घुड़सवार सहित 28 पर्यटक मारे गए। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की, जिसमें 28 लोगों की जान चली गई, जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे। श्रीनगर के घंटाघर में विरोध प्रदर्शन के दौरान मीडिया से बात करते हुए महबूबा ने गहरा दुख व्यक्त किया और कश्मीर के लोगों की ओर से देश के लोगों से माफी मांगी। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ जम्मू में भी कई स्थानों पर लोग सड़कों पर उतर आए हैं। नाराज लोगों ने जम्मू-पठानकोट हाईवे पर जाम लगा दिया। प्रदर्शन में महिलाएं और पूर्व फौजी भी शामिल थे। आतंकी घटना से नाराज लोग पाकिस्तान के खिलाफ केंद्र सरकार से सख्त एक्शन की मांग कर रहे हैं।

## आतंकवाद के आगे

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा भारी मन से, पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भारत आतंकवाद के आगे नहीं झुकेगा। इस नृशंस आतंकी हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बैसरन, जिसे अक्सर 'मिनी स्विट्जरलैंड' कहा जाता है, पर आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। इस हमले में 26 लोगों की जान गई, जिनमें से अधिकांश पर्यटक थे। कई अन्य घायल हुए हैं, जिनका इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। गृह मंत्री के बयान को राजनीतिक और सुरक्षा हलकों में एक कड़े रुख के तौर पर देखा जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार इस हमले को राष्ट्रीय सुरक्षा के खिलाफ गंभीर चुनौती मानते हुए आतंकियों के खिलाफ प्रत्युत्तरात्मक कार्रवाई की योजना बना रही है। शाह ने यह भी कहा कि सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता दी जाएगी। केंद्र और जम्मू-कश्मीर प्रशासन पीड़ितों को मुआवजा देने और घायलों के इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित कर रहे हैं।

## आतंकी हमले के

स्थानीय व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं। उनका कहना था कि यह वह समय है जब कश्मीर में पर्यटन अपने चरम पर होता है और लोग (यात्रा) बुकिंग करते हैं। लोग भूल गए थे कि कश्मीर में आतंकवाद की स्थिति है और हालात बहुत बेहतर हो गए हैं। कश्मीर में पिछले कुछ सालों से हालात अच्छे हैं। पिछले साल अप्रैल-जुलाई का समय कश्मीर के लिए अच्छा रहा था। पिछले साल इसी समय होटल के कमरे बुक करना एक चुनौती थी क्योंकि पर्यटकों की आमद थी। श्रीनगर में बहुत सारे नए होटल खुले हैं। नए होटल और बुनियादी ढांचे का निर्माण हो रहा है, लेकिन ऐसी स्थितियों (पहलगाम हमले) के कारण जिन लोगों के पास विकल्प हैं, वे अपनी योजनाओं को फिर से लिखेंगे और अपनी रणनीति पर फिर से काम करेंगे। उनका कहना था कि गर्मियों के दौरान विदेशी पर्यटक कश्मीर कम आते हैं, लेकिन हमले के कारण दुनिया भर के पर्यटकों में नकारात्मक भावना पैदा होगी। 2024 में लगभग 65,452 विदेशी पर्यटक जम्मू-कश्मीर आए। पर्यटन विभाग के एक अधिकारी का मानना था कि हमले और उसके बाद जारी यात्रा सलाह के कारण विदेशी पर्यटकों का आगमन निश्चित रूप से सबसे अधिक प्रभावित होगा। कुछ देशों ने अब तक अपनी सलाह नहीं हटाई है। अब, कई और देशों को सलाह हटानी होगी।

## पर्यटकों पर नृशंस

का दुस्साहस है। सभी राजनीतिक दल व संस्थाओं को सारे मतभेदों से ऊपर उठकर इसकी भर्त्सना करनी चाहिए। उन्होंने सरकार से जिम्मेदारों को कड़ी सजा देने की अपील करते हुए लिखा कि सरकार सभी पीड़ितों व उनके परिवारों की सहायता की आवश्यक व्यवस्था करे और सरकार इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित करने हेतु शीघ्र ही उचित कदम उठाए। बता दें कि जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम हिल स्टेशन पर मंगलवार को हुए आतंकी हमले में दो विदेशी नागरिकों समेत कम से कम 16 पर्यटकों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हुए हैं। घायलों में स्थानीय निवासी भी शामिल हैं। मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। यह हमला ऐसे समय हुआ जब घाटी में पर्यटकों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमले के बाद सऊदी अरब का दौरा छोड़कर तुरंत लौट आए और हवाई अड्डे पर ही उन्होंने उच्चस्तरीय बैठक की।

## सिंधु जल समझौता

राशि की घोषणा की है। पीड़ितों को उनके घरों तक वापस ले जाने के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सा सेवा प्रदान की जा रही है। हम शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं। हम आपके दुख को साझा करते हैं और इस कठिन समय में आपके साथ खड़े हैं। लेकिन आतंक हमारे संकल्प को कभी नहीं तोड़ पाएगा और हम तब तक चैन से नहीं बैठेंगे जब तक कि इस बर्बरता के पीछे के लोगों को न्याय के कटघरे में नहीं लाया जाता। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की एक टीम पहलगाम आतंकवादी हमला स्थल पर पहुंच गई है। पहलगाम हमले पर PDP प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा, जो कल पहलगाम में हमला हुआ वह केवल मासूम पर्यटकों पर हमला भर नहीं था बल्कि जम्मू कश्मीर के लोगों पर हमला था। हम इसकी निंदा करते हैं। यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री यहां आए हुए हैं, मेरी उनसे अपील है कि वे पता लगाएं कि इसमें कौन लोग शामिल थे ताकि उन्हें जल्द से जल्द सजा दी जाए... मैं आपसे शर्मिंदा हूं, कश्मीरी आपसे शर्मिंदा हैं कि आप यहां आए और आपके साथ इतना बड़ा हादसा हुआ। इस समय हमें सियासत करने की जरूरत नहीं है। मैं एक बार फिर अपने देश के लोगों से माफी मांगना चाहती हूं और शर्मिंदगी जाहिर करना चाहती हूं। पहलगाम आतंकी हमले पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, कल कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा जो कायराना हरकत की गई है हम उसकी घोर निंदा करते हैं और मृतकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। प्रधानमंत्री सऊदी अरब के दौरे पर थे, वे अपने दौरे को बीच में छोड़कर अपने देश वापस आए हैं। जब से पीएम मोदी (सत्ता में) आए हैं तब से देश (आतंकवादी हमलों का) जवाब देता आया है और निश्चित तौर पर इस हमले का भी जवाब दिया जाएगा। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद राजधानी श्रीनगर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पहलगाम हमले के विरोध में श्रीनगर में आज बंद बुलाया गया है। इसके चलते राजधानी की सड़कें सूनी पड़ी हैं। आतंकियों की कायराना हरकत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब की अपनी यात्रा बीच में ही रोककर मंगलवार रात को नई दिल्ली के लिए प्रस्थान कर दिया था।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक विजय शंकर शर्मा द्वारा ग्रुप 5 प्रकाशन 55-बी, वजीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं डी-206-सी, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक- विजय शंकर शर्मा
(M.)- 9628478339, 9335322739 Ph: 0522- 4075237 Fax: 0522- 2306048 Email- charchitrajnit@gmail.com

# पहलगाम हमले के बाद यूपी में हाई अलर्ट विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा पर विशेष नजर

## नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे इलाकों व बस, रेलवे स्टेशनों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश





**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**लखनऊ।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए हाई अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि प्रदेश के सभी संवेदनशील जिलों, अन्य राज्यों के सीमावर्ती जिलों में आतंकी व अन्य संगठनों की गतिविधियों पर पैनी निगाह रखी जाये।

इसके अलावा रेल, सड़क व हवाई यातायात पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने, पूर्व में प्रकाश में आए असामाजिक, राष्ट्र विरोधी तत्वों पर विशेष नजर रखने, पर्यटकों की विशेष सुरक्षा सुनिश्चित करने, विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा पर विशेष नजर रखने, नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे इलाकों व बस-रेलवे स्टेशनों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गये हैं। डीजीपी ने महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों विशेषकर अयोध्या, काशी, मथुरा, ताजमहल आदि की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दुखद घटना पर शोक जताते हुए कहा पहलगाम में हुए इस कायरतापूर्ण हमला अक्षम्य और घोर निंदनीय है उन्होंने दुःख की घडी में अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति शोक संवेदनाएं जताते हुए सोशल मीडिया पर लिखा प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवगंत पुण्यात्माओं को सद्गति एवं घायलों को शीघ्र स्वस्थ्य लाभ प्रदान करें।

वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए इस घातक आंतकी हमले की कड़ी निंदा की उन्होंने कहा इस भयावह हमले की तस्वीरें दिल दहला देने वाली हैं ये हमला हर दृष्टि से निंदनीय हैं उन्होंने घायलों के शीघ्र उपचार के लिए देश की सबसे अच्छी चिकित्सा सुविधाओं की मांग की साथ ही केंद्र सरकार कको सबसे पहले सुरक्षा के वातावरण को सुनिश्चित करने की बात कही तभी स्थानीय निवासियों और पर्यटकों का जीवन सुरक्षित होगा। वहीं पहलगाम आतंकी हमले के बाद लखनऊ में हाईअलर्ट जारी किया गया है। एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और बस अड्डों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जीआरपी ने बुधवार सुबह चारबाग स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान यात्रियों के बैग की तलाशी ली गई। लखनऊ एयरपोर्ट पर यात्रियों की गहन चेकिंग की जा रही है। हर आने-जाने वाले व्यक्ति की जांच मेटल डिटेक्टर और सुरक्षा उपकरणों से की जा रही है। चारबाग रेलवे स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफकी टीमें पूरी तरह सतर्क हैं। हर यात्री पर नजर रखी जा रही है। सुरक्षा बलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी तेज कर दी गई है। आतंकी गतिविधियों की आशंका को देखते हुए पूरे प्रदेश में सतर्कता और निगरानी का दायरा बढ़ाया गया है। पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह से मुस्तैद हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।

**पहलगाम में मारे गए शुभम के घर पहुंचे स्पीकर, व्यक्त की सम्वेदनाएं :** उत्तर प्रदेश विधानसभा के स्पीकर सतीश महाना ने कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी हमले की निंदा करते हुए हुए इसे कायराना हरकत कहा है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने आज कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस एवं बर्बर हत्याकांड में मारे गए शुभम द्विवेदी के परिजनों से भेंट कर अश्रुपूरित संवेदनाएं व्यक्त कीं।

**हिन्दू महासभा व अखण्ड आर्यावर्त महासभा का आतंक के खिलाफ प्रदर्शन :** पहलगाम में हुये आतंकी हमले विरोध में आज हिन्दूवादी संगठनों ने सड़कों पर उतरकर अपना गुस्सा उतारा। हजरतगंज में हिन्दू महासभा व अखण्ड आर्यावर्त महासभा के हिन्दूवादी नेताओं ऋषि त्रिवेदी एवं शिशिर चतुर्वेदी के नेतृत्व में पहुंचे काफी संख्या कार्यकर्ताओं ने आतंक के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया और केन्द्र सरकार से आतंकियों के पालक पड़ोसी देश के खिलाफ कड़े कदम उठाने की मांग की। विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों के चेहरों पर आतंकी हमले का गुस्सा साफझलक रहा था। इस दौरान अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने आतंकी हमले में मारे गये पर्यटकों को पार्टी की ओर से श्रृद्धांजलि देते हुये हिन्दू समाज से आह्वाहन करते हुये कहा कि हिन्दू समाज जात-पात से उपर उठकर एकजुट हो। श्री त्रिवेदी ने कहा कि कल पहलगाम में हुये आतंकी हमले में ही नहीं बल्कि बंगलादेश में तख्तापलट और वक्फ कानून में संशोधन के बाद बंगाल के मुर्शिदाबाद में जिस तरह धर्म की पहचान के आधार पर हिन्दुओं के हुये नरसंहार के बाद साफहो गया है कि गजवा ए हिन्द का सपना देखने वाले आतंकी जात-पात को देख कर

### ● चारबाग में यात्रियों के बैग की तलाशी

नहीं बल्कि धार्मिक आधार पर हिन्दुओं को मार रहे है। हिन्दूवादी नेता ऋषि त्रिवेदी ने हिन्दू समाज से अपील की कि वह अब भाई चारा, गंगा जमना तहजीब जैसे धोखे देने वाली बातों से दूर होकर अपने आपको एकजुट रखे अन्यथा इतिहास के पन्ने गवाह है कि आने वाले समय में हिन्दुओं को भागने के अलावा कोई और रास्ता नहीं मिलेगा।

**हिन्दू महासभा त्रिदंडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित सैकड़ों कार्यकर्ता हिरासत में, जीपीओ हजरतगंज में पहलगाम में आतंकी हमले के खिलाफ कर रहे थे प्रदर्शन :** पहलगाम में हुये आतंकी हमले विरोध में आज यहां जीपीओ में विरोध प्रदर्शन कर रहे हिन्दू महासभा त्रिदंडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी, राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। उधर पार्टी नेताओं को हिरासत लिये जाने की हिन्दू महासभा त्रिदंडी महासभा ने कड़ी निदा की है। इससे पहले पहलगाम की आतंकी हमले से नाराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता जीपीओ पर जमकर विरोध प्रदर्शन के बाद जैसे ही जुलूस के रूप में आगे बढ़े ही थे कि वहां मौजूद पुलिस प्रशासन ने आगे बढ़ने से रोक दिया लेकिन प्रदर्शनकारियों के न मानने पर पुलिस प्रशासन ने हिरासत में ले लिया।

हिरासत में लिये राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी, प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी, बाबा महादेव, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष चन्द्रमौलि शुक्ला, हिन्दूवादी नेता पंकज तिवारी सहित सैकड़ों लोग शामिल थे। इससे पहले हजरतगंज में हिन्दू महासभा व अखण्ड आर्यावर्त महासभा के हिन्दूवादी नेताओं ऋषि त्रिवेदी एवं शिशिर चतुर्वेदी के नेतृत्व में पहुंचे काफी संख्या कार्यकर्ताओं ने आतंक के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया और केन्द्र सरकार से आतंकियों के पालक पड़ोसी देश के खिलाफ कड़े कदम उठाने की मांग की। विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों के चेहरों पर आतंकी हमले का गुस्सा साफझलक रहा था। इस दौरान अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने आतंकी हमले में मारे गये पर्यटकों को पार्टी की ओर से श्रृद्धांजलि देते हुये हिन्दू समाज से आह्वाहन करते हुये कहा कि हिन्दू समाज जात-पात से उपर उठकर एकजुट हो। श्री त्रिवेदी ने कहा कि कल पहलगाम में हुये आतंकी हमले में ही नहीं बल्कि बंगलादेश में तख्तापलट और वक्फ कानून में संशोधन के बाद बंगाल के मुर्शिदाबाद में जिस तरह धर्म की पहचान के आधार पर हिन्दुओं के हुये नरसंहार के बाद साफहो गया है कि गजवा ए हिन्द का सपना देखने वाले आतंकी जात-पात को देख कर नहीं बल्कि धार्मिक आधार पर हिन्दुओं को मार रहे है। हिन्दूवादी नेता ऋषि त्रिवेदी ने हिन्दू समाज से अपील की कि वह अब भाई चारा, गंगा जमना तहजीब जैसे धोखे देने वाली बातों से दूर होकर अपने आपको एकजुट रखे अन्यथा इतिहास के पन्ने गवाह है कि आने वाले समय में हिन्दुओं को भागने के अलावा कोई और रास्ता नहीं मिलेगा।

**बीजेपी के सभी कार्यक्रम स्थगित, पहलगाम आतंकी हमले पर शोक जताया :** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की गूंज राजधानी लखनऊ तक महसूस की जा रही है। शोक और विरोध स्वरूप भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को लखनऊ में होने वाले अपने सभी कार्यक्रमों को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया है। बीजेपी लखनऊ के मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि पार्टी ने यह फैसला देश की जनता की भावना और मृतकों के प्रति संवेदना को ध्यान में रखते हुए लिया है। इस स्थगन का सबसे प्रमुख असर एक राष्ट्र, एक चुनाव विषयक विशेष संगोष्ठी पर पड़ा है। एक राष्ट्र, एक चुनाव विषयक विशेष संगोष्ठी में पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर को मुख्य वक्ता के रूप में लखनऊ पहुंचना था। यह कार्यक्रम अब अगली सूचना तक के लिए टाल दिया गया है।

कार्यक्रम की आयोजक टीम 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' ने भी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा देशहित से ऊपर कुछ नहीं। मृतकों की स्मृति में यह फैसला लिया गया है। बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कड़े शब्दों में घटना की भर्त्सना करते हुए कहा यह हमला न केवल निर्दोष नागरिकों पर है, बल्कि पूरे भारतवर्ष की आत्मा पर प्रहार है। भाजपा हर परिस्थिति में मृतकों के परिवारों के साथ खड़ी है।

**पहलगाम के मृतकों के दी गई श्रद्धांजलि, आदर्श व्यापारी एसोसिएशन इंदिरा नगर ने करवाया सुंदरकांड पाठ :** राजधानी में पहलगाम के मृतकों की आत्मा की शांति के लिए सुंदरकांड का आयोजन। आदर्श व्यापारी एसोसिएशन इंदिरा नगर द्वारा यह आयोजन किया। व्यापारियों ने घटना पर दुख व्यक्त किया। आदर्श व्यापारी एसोसिएशन के इंदिरा नगर कार्यालय पर आयोजन हुआ। इसमें प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी, विधि सलाहकार एडवोकेट सुनिधि चौधरी, नगर अध्यक्ष आकाश अग्रवाल समेत तमाम व्यापारियों ने हिस्सा लिया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने कहा कि पहलगाम हमले में आम आदमियों के साथ व्यापारियों की भी हत्या हुई।

पूरे देश मे इस घटना से आक्रोश है। मानवता को शर्मसार करने वाली इस घटना की जितनी निंदा की जाए कम है। घटना का दिन काले अक्षरों में दर्ज किया जाएगा। लोग अपने परिवार के साथ खुशियां मनाने गए थे। हंसते-खेलते परिवारों में मातम छा गया। व्यापारी राकेश गुप्ता ने कहा कि कश्मीर की घटना बेहद दुखद है। कलियुग में भगवान का नाम लेने से ही मनुष्य भवसागर से पार हो सकता है। प्रभु नाम के स्मरण मात्र से ही समस्त पाप कट जाते हैं। सुंदरकांड बजरंगबली की आराधना है। इसके पाठ करने से बजरंगबली प्रसन्न होते हैं। विश्व के कल्याण की भावना से ये कार्य किया गया। घटना के विरोध में मुन्शी पुलिया चौराहे से कैंडिल मार्च निकला जायेगा।

**आतंकी हमले पर रोष, सेना कोर्ट के वकीलों ने फूंका पाकिस्तानी का पुतला :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में लखनऊ में सेना कोर्ट के वकीलों ने आतंकियों का पुतला फूंककर कड़ा विरोध जताया। इसके बाद विवेकानंद लाइब्रेरी में आयोजित शोकसभा में वकीलों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। आर्म्ड फोर्सेस ट्रिब्यूनल बार एसोसिएशन लखनऊ के सदस्यों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। महासचिव गिरीश तिवारी, पूर्व अध्यक्ष डॉ. चेत नारायण सिंह और पूर्व महामंत्री विजय कुमार पांडे समेत कई प्रमुख वकील मौजूद रहे।

वकीलों ने आतंकवाद के समूल नाश की मांग की। उन्होंने कहा कि आतंकियों को समर्थन देने वाले पाकिस्तान को कड़ा जवाब देना जरूरी है। शोकसभा के बाद वकीलों ने आक्रोश प्रकट करते हुए पाकिस्तानी आतंकवाद का पुतला दहन किया। उन्होंने एकजुट होकर नारेबाजी की। सभी ने देश की सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता न करने का संकल्प लिया। वकीलों ने शहीद जवानों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पूरा देश शहीदों के परिवार और जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ खड़ा है। वहीं दूसरी ओर जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में मृतकों को लखनऊ विश्वविद्यालय में भी श्रद्धांजलि दी गई। एलयू के राधा कमल मुखर्जी सभागार में कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय की मौजूदगी में शोक सभा में शोक प्रस्ताव प्रस्तुत किया। फिर मौन रखा गया। प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय परिवार की यह शोक सभा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए वीभत्स आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति शोक व्यक्त करती है।

## देश-विदेश डायरी

### ब्रिटिश पीएम स्टॉर्मर ने पहलगाम हमले को बताया विनाशकारी, मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू बोले-स्तब्ध हूं



**लंदन, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले ने दुनियाभर में गुस्से और दुख का माहौल बना दिया है। इस हमले में 26 लोग मारे गए और 17 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हमले का शिकार ज्यादातर पर्यटक थे, जिनमें एक नागरिक यूएई और एक नागरिक नेपाल का भी शामिल था। यह हमला 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद घाटी का सबसे घातक हमला माना जा रहा है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की है। स्टॉर्मर ने 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''कश्मीर में हुआ भयानक आतंकवादी हमला बेहद विनाशकारी है। मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों, उनके प्रियजनों और भारत के लोगों के साथ हैं। आतंकवादियों ने मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के प्रमुख पर्यटन स्थल पहलगाम में हमला किया जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमले के बाद सऊदी अरब की अपनी यात्रा बीच में ही समाप्त कर बुधवार को भारत लौट आए। विदेश मंत्री डेविड लैमी ने भी इस हमले को ''कायरतापूर्ण कृत्य बताया है। लैमी ने कहा, ''मैं कश्मीर में हुए भयानक और कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले से स्तब्ध हूं। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जो इस हमले में प्रभावित हुए हैं, खासकर उन लोगों के साथ जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। राष्ट्रमंडल राष्ट्रों की महासचिव शर्ली अयोर्कर बोचवे ने एक बयान जारी कर कहा कि संगठन ''इस समय भारत के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। उन्होंने कहा, ''राष्ट्रमंडल एक स्वर में कहता है कि आतंकवादी शांति, समावेशिता, सहिष्णुता, सम्मान और समझ के हमारे मूल्यों को कमजोर करने के अपने विभाजनकारी मिशन में सफल नहीं होंगे। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने इस हमले पर दुख जताया और कहा कि वह इस आतंकवादी घटना से बहुत स्तब्ध हैं। उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा, मालदीव सरकार सभी प्रकार के आतंकवाद के खिलाफहै और हम भारत के साथ खड़े हैं। इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। इसके अलावा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू सहित कई प्रमुख नेताओं ने इस हमले की निंदा की और भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करते हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि अमेरिका भारत के साथ खड़ा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत को इस हमले के दोषियों को न्याय के दायरे में लाने के लिए पूरा समर्थन मिलेगा। इसके अलावा अमेरिकी सीनेट की विदेश संबंध समिति के अध्यक्ष जिम रिश और अन्य सांसदों ने इस हमले की निंदा करते हुए कहा कि हमले के जिम्मेदार लोगों को जल्द से जल्द न्याय के दायरे में लाना चाहिए। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने भी पहलगाम हमले की कड़ी निंदा करते हुए ट्वीट किया कि, यह जघन्य आतंकी हमला कई निर्दोष लोगों की जान ले गया। मैं भारत और शोकाकुल परिवारों के साथ हूं। हम यूरोप में भारत के साथ खड़े हैं और जानते हैं कि भारत कभी हार नहीं मानेगा। कश्मीरी ओवरसीज एसोसिएशन के अध्यक्ष उपहार कोटरू ने इस हमले को कश्मीर में हिंदुओं पर हमले की याद बताया और कहा, ÷यह हमला कश्मीरी हिंदुओं की निरंतर पीड़ा की याद दिलाता है। यह नरसंहार और पलायन की याद दिलाता है, जिसे हम कभी नहीं भूल सकते।

### अंतरिक्ष के संयुक्त मिशन के लिए 2 पाकिस्तानी अंतरिक्ष यात्रियों को प्रशिक्षण देगा चीन

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन की मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी ने बुधवार को घोषणा की कि देश के अंतरिक्ष स्टेशन के एक संयुक्त मिशन में भाग लेने के लिहाज से चीन में अंतरिक्ष उड़ान प्रशिक्षण के लिए पाकिस्तान के दो अंतरिक्ष यात्रियों को चुना जाएगा। सरकारी शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने चीन की मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी (चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी के हवाले से कहा कि दोनों पाकिस्तानियों में से एक को पेलोड विशेषज्ञ के तौर पर संयुक्त अंतरिक्ष मिशन में भाग लेने का मौका मिलेगा। सीएमएसए प्रवक्ता ने उत्तर पश्चिम चीन के जिउक्वान में मीडिया से बातचीत में यह जानकारी दी। फरवरी में, सीएमएसए ने घोषणा की थी कि चीन अपने मित्र देश पाकिस्तान से एक अंतरिक्ष यात्री को अपने अंतरिक्ष स्टेशन पर पहले विदेशी मेहमान के रूप में भेजने की योजना बना रहा है, जो वर्तमान में पृथ्वी से 400 किलोमीटर ऊपर कक्षा में चक्कर लगा रहा है। में कहा गया, ÷प्रवेश द्वार वाले शहरों का यह निरंतर प्रभुत्व निवेश-ग्रेड परियोजनाओं, मजबूत शहरी बुनियादी ढांचे, कुशल प्रतिभा पूल, परिसंपत्ति वर्गों में मजबूत मांग और लगातार संगठित हो रहे रियल एस्टेट पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा प्रेरित था।÷भूमिध्विकास स्थलों ने इक्विटी निवेश का सबसे बड़ा हिस्सा आकर्षित किया, जो कैलेंडर वर्ष 2022-24 के बीच कुल प्रवाह का 44 प्रतिशत था। इसके बाद निर्मित कार्यालय परिसंपत्तियों का स्थान था, जिनकी हिस्सेदारी 32 प्रतिशत थी। कैलेंडर वर्ष 2022 और 2024 के बीच, दूसरी श्रेणी के शहरों में कुल रियल एस्टेट इक्विटी निवेश का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा आया, जो लगभग तीन अरब डॉलर था।

## फिर ट्रेन पलटाने की साजिश,पटरी पर लोहे का दरवाजा रखा, एक हफ्ते के अंदर दूसरी घटना



**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में एक हफ्ते के अंदर दूसरी बार ट्रेन पलटाने की साजिश की गई। बक्कास-उतरेठिया स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर लोहे का दरवाजा रखा गया। इसके साथ ही पटरियों में लगने वाली क्लिप भी निकली हुई थी। मालगाड़ी के ड्राइवर ने उतरेठिया स्टेशन से 3 किमी आगे चौधरी खेड़ा के पास ट्रैक लोहे का गेट पड़ा देखकर इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक लिया। इसकी सूचना उतरेठिया स्टेशन मास्टर को दी। सूचना पर आरपीएफके जवानों के साथ रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे। गेट को हटाकर ट्रेन को रवाना किया। रेलवे यूटीआर इंचार्ज अनिल कुमार पांडेय ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफसुशांत गोल्फसिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रेलवे यूटीआर इंचार्ज अनिल कुमार पांडेय ने बताया बुधवार सुबह 3.42 बजे उतरेठिया रेलवे स्टेशन से मालगाड़ी गुजरी। थोड़ी देर बाद मालगाड़ी के ड्राइवर ने फोन करके सूचना दी कि ट्रैक पर लोहे का गेट पड़ा है। सूचना पर मैं गैंगमैन दुर्गेश कुमार के साथ मौके पर पहुंचा। घटनास्थल का निरीक्षण किया।

ट्रैक पर लोहे का गेट पड़ा था। मालगाड़ी संख्या डीएन-सीजीएस के ट्रेन मैनेजर मनीष त्रिपाठी और गेट नंबर 1990 पर तैनात गेटमैन अभिषेक कुमार की सहायता से दरवाजा ट्रैक से हटाया। उतरेठिया स्टेशन इंचार्ज ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति के खिलाफसुशांत गोल्फसिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। लखनऊ में हफ्ते भर पहले गरीब रथ ट्रेन पलटाने की बड़ी साजिश नाकाम हो गई थी। दिलावर नगर और रहीमाबाद के बीच रेलवे ट्रैक पर शरारती तत्वों ने ढाई फीट लंबा और 6 इंच मोटा लकड़ी का टुकड़ा रख दिया था। सहरसा-आनंद विहार गरीब रथ (05577) सुबह तड़के करीब 2.43 बजे इसी ट्रैक से गुजरने वाली थी। इससे पहले दूसरे ट्रैक से गुजरी काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस ट्रेन के चालक ने ट्रैक पर लकड़ी के टुकड़े को देख लिया था। उन्होंने रहीमाबाद स्टेशन मास्टर ओम प्रकाश को सूचना दी थी। स्टेशन मास्टर की सूचना पर गरीब रथ को मलिहाबाद स्टेशन पर रोक लिया गया था।

## मिर्जापुर में पर्यटन विकास की 13151.6 लाख की सात परियोजनाएं स्वीकृत

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**लखनऊ।** पर्यटन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 मिर्जापुर के पर्यटन विकास के लिए 13151.06 लाख की 7 परियोजनाएं स्वीकृत की। परियोजनाएं के जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी के प्रस्ताव पर स्वीकृत की गई हैं। मिर्जापुर विंध्यवासिनी धाम के लिए प्रसिद्ध है। यहां पर वर्ष भर श्रद्धालु दर्शन और पूजन के लिए आते रहते हैं। पर्यटन विभाग का उद्देश्य है कि श्रद्धालुओं के लिए बुनियादी सुविधाएं सुलभ कराकर अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि श्याम नारायण सिंह (विनीत सिंह) सदस्य के प्रस्ताव पर ग्राम मिलगौर स्थित प्राचीन शिवाला के पर्यटन विकास हेतु 62.54 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।



● विंध्यधाम में बुनियादी सुविधाएं मिलने पर बढ़ेंगी श्रद्धालुओं की संख्या : जयवीर सिंह

जिलाधिकारी के प्रस्ताव पर विंध्याचल क्षेत्र में मल्टीलेबल पार्किंग एवं पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण 4562.96 लाख रुपये की लागत से किया जायेगा। जिलाधिकारी के प्रस्ताव पर विंध्यधाम स्थित माँ की पैड़ी का पर्यटन विकास 4676.47 लाख रुपये की धनराशि से कराया जायेगा। उत्तर प्रदेश विंध्यधाम तीर्थ विकास परिषद कार्यालय का निर्माण 2372.99 लाख रुपये से किया जायेगा। मिर्जापुर में स्थित चुनार में गंगा नदी के दाहिने तट पर स्थित बालूघाट पर पक्का स्नान घाट का निर्माण 1179.43 लाख रुपये की लागत से, विकासखण्ड बलापुर के ग्राम डेरवा में स्थित प्रसिद्ध दुलारो माता मंदिर का पर्यटन विकास 48.90 लाख रुपये तथा विकासखण्ड हलिया के ग्राम महूगढ़ में स्थित कोटा घाट के पास कोटारानाथ मंदिर का पर्यटन विकास 47.77 लाख रुपये की लागत से कराया जायेगा। कार्यदायी संस्था को तय करते हुए आवश्यक शासनादेश जारी करा दिया गया है। निर्माण कार्यों में समयबद्धता एवं गुणवत्ता के निर्देश दिए हैं। निर्माण कार्य समय से पूरा होने पर लाभ स्थानीय निवासियों और श्रद्धालुओं को प्राप्त होने लगेगा।

**मेरठ में पर्यटन विकास की 2232.74 लाख की 4 परियोजनाएं स्वीकृत :** पर्यटन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 मेरठ के पर्यटन विकास के लिए 2232.74 लाख रुपये की 04 परियोजनाएं स्वीकृत की है। परियोजनाएं जनप्रतिनिधियों एवं पर्यटन निदेशालय के प्रस्ताव पर स्वीकृत की गई हैं। मेरठ का स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान है। ऐतिहासिक, पौराणिक स्थलों के लिए प्रसिद्ध है। पर्यटन विकास की योजनाएं पूरा कराकर पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को बुनियादी सुविधाएं सुलभ करायी जा रही हैं। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि विकासखण्ड रोहटा के ग्राम पूठखास में महाभारत कालीन अति प्राचीन पाण्डेश्वर महादेव मंदिर के पर्यटन विकास हेतु 58.10 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

पर्यटन निदेशालय के प्रस्ताव पर 1857 के क्रांति स्थलों और मेरठ में शहीद स्मारक के पर्यटन विकास के लिए 452.87 लाख रुपये की धनराशि, मेरठ में सरधना के पर्यटन विकास के लिए 453.77 तथा हस्तिनापुर का समेकित पर्यटन विकास के लिए 1268.00 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। कार्यदायी संस्था प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि. को कार्य की जिम्मेदारी दी गई है। कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। दिल्ली के समीप होने के कारण पर्यटकों और श्रद्धालुओं का महाभारत कालीन अवशेषों को देखने का क्रम लगा रहता है। पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए बुनियादी सुविधाएं सृजित की जा रही हैं।

